हरिभूमि
# रायपुर भूमि

हरिभूमि-आईएनएच न्यूज की पड़ताल में खुलासा, इंसानों के लिए खतरनाक ब्रीड के कुत्ते आसानी से मिल रहे

केंद्र सरकार ने बैन लगाया हुआ है, लेकिन पंजाब, एमपी और दिल्ली से मंगाकर बेच रहे हैं

न निगम न जिला प्रशासन करता है जांच, खुलेआम और चोरी-छिपे बेचे जा रहे हैं प्रतिबंधित कुत्ते


हरिभूमि

आटो चालक सामान छोड़ने पहुंचा, प्रतिबंधित पिटबुल कुत्तों ने चबा डाला हाथ, लगे 12 टांके

## कागजों पर ही बैन है पिटबुल

### रायपुर में 30 से 60 हजार में मिल रहा बेचने वाले कह रहे- कौन देखता है

दामिनी बंजारे ▶▶ रायपुर

देश में कई लोगों की जान ले चुका पिटबुल डॉग पर केंद्र सरकार ने बैन लगा रखा है। उसे पालने पर प्रतिबंध है। वजह है कि वह इंसानों के लिए खतरनाक है। पिटबुल जैसे ही 23 प्रजातियों के डॉग्स को पालने पर भी केंद्र सरकार ने प्रतिबंध लगा रखा है। लेकिन यह प्रतिबंध केवल कागजों पर है। राजधानी रायपुर में ये डॉग धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं। पेट्स शॉप में प्रतिबंधित डॉग 15 से 60 हजार रुपए में आसानी से उपलब्ध हो जाएंगे। हरिभूमि और आईएनएच न्यूज़ की टीम मंगलवार ▶▶ शेष पेज 11 पर

हरिभूमि फॉलोअप

केस 1

### दूसरे राज्यों से रायपुर लाए जा रहे प्रतिबंधित डॉग्स

पहला केस- टीम कटोरा तालाब स्थित एक पेट शॉप में पहुंची, यहां प्रतिबंधित पिटबुल डॉग की कीमत 60 हजार रुपए तक बताई गई। इसे आसानी से दिल्ली से रायपुर मंगवाकर देने की बात कही गई। दुकानदारों को प्रतिबंधित डॉग के संबंध में पूरी जानकारी है और वे ये भी जानते हैं कि, पिछले दिनों इस प्रजाति के खूंखार कुत्ते ने एक ▶▶ शेष पेज 11 पर


**दुकानदार से बातचीत**

*सवाल- आपके दुकान में किस- किस ब्रीड के कुत्ते उपलब्ध हैं?*

जवाब- आपको जिस ब्रिड के डॉग चाहिए वो मिल जाएंगे।

*सवाल- हमको फॉर्म हाउस में सुरक्षा के लिए कुत्ते चाहिए, क्या पिटबुल मिल जाएगा?*

जवाब- जो चाहिए वो मिल जाएगा। केवल दो दिन का वक्त चाहिए और आधा पैसा एडवांस में देना पड़ेगा।




केस 2

दूसरा केस- राजधानी रायपुर के सुन्दर नगर स्थित पेट शॉप के मालिक ने बताया कि राजधानी रायपुर में तो इस प्रकार के कुत्ते नहीं मिलेंगे, लेकिन हां आर्डर करने पर ये लाये जाते हैं। 20 हजार से 30 हजार तक रेट होते हैं, रेट ऊपर नीचे हो सकते हैं, जोड़ी लेने पर। साथ ही इनकी वेक्सीन भी इन्हें लगाकर दी जाती है, साथ ही अगर आपको यह खरीदना होगा तो पहले पचास फीसदी पैसा देना होता है। डॉग के उपलब्ध कराये जाने के बाद आपको पूरा पैसा देना होता है।

**दुकानदार से बातचीत**

*सवाल- पिटबुल की जोड़ी लेते हैं तो क्या रेट में कुछ अंतर आयेगा ?*

जवाब- अगर आप जोड़ी लेते हैं तो थोड़ा बहुत कम ज्यादा हो जाता है।

*सवाल- अगर इस ब्रीड के कुत्ते प्रतिबंधित हैं तो हमें आगे कोई दिक्कत तो नहीं होगी ?*

जवाब- अभी थोड़ी दिक्कत होगी। क्योंकि हाल ही में एक केस हो गया है। लेकिन बाद में कोई नहीं देखता। आप ऑर्डर देंगे तो मैं भोपाल-इंदौर से पिटबुल ट्रेन से मंगवा दूंगा।

### पेट एनीमल के रजिस्ट्रेशन का सिस्टम दो दशक से ठप

## पिटबुल के हमले के बाद अब छानबीन

नगर निगम में पेट एनीमल के रजिस्ट्रेशन का सिस्टम को-लैप्स हो गया है। दो दशक से शहर में पालतू कुत्तों के पंजीयन का सिस्टम ठप होने से शहर में देशी-विदेशी नस्ल के पाले जाने वाले कुत्तों का कोई लिखित रिकार्ड निगम के पास उपलब्ध नहीं है। हाल ही में पिटबुल कुत्तों के हमले के बाद हरकत में आये निगम अफसर अब अपने बीस साल पुराने दस्तावेज को खंगालने में जुटे हैं। निगम का वेटनरी डिपार्टमेंट निर्धारित शुल्क लेकर शहर के पालतू कुत्तों के पालकों से आवेदन लेकर रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध कराता था। साथ ही जिला पशु चिकित्सालय से उस पेट डॉग के एंटी रेबीज वेक्शीनेशन कराना अनिवार्य था। पंजीकृत पालतू कुत्ते के नंबर वाला बिल्ला पंजीयन के साथ निगम की ओर से एलाट होता था। नगर निगम के पास शहर में पल रहे देशी-विदेशी नस्ल के कुत्तों का कोई हिसाब-किताब नहीं है। न ही वर्तमान में नगर निगम में पालतू कुत्तों ▶▶ शेष पेज 11 पर

- **खंगाल रहे पुराने दस्तावेज, पहले निर्धारित शुल्क के साथ पालतू कुत्तों का होता था पंजीयन**

**नहीं हो रहा पंजीयन पुराने दस्तावेज देखेंगे**

हमारे यहां पालतू कुत्तों का पंजीयन नहीं हो रहा है, पुराने दस्तावेज ढुंढवा कर नया प्रस्ताव बनाकर एमआईसी में भेजेंगे, ताकि जिला पशु चिकित्सालय से पंजीकृत कुत्तों का एंटीज रेबीज वैक्सीनेशन अनिवार्य रूप से हो सके।

\- **डॉ. तृप्ति पाणिग्रही**, स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम रायपुर

**खबर संक्षेप**


### चाकू मारकर लूट, तीन नाबालिग पकड़े गए

**रायपुर।** सुबह-सवेरे राहगीर को चाकू मारकर मोबाइल लूटने वाले तीन नाबालिगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खम्हारडीह में रहने वाले लोमश साहू ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 15 जुलाई की सुबह वह पैदल जा रहा था, इसी दौरान शक्ति नगर के पास बाइक में पहुंचे तीन लोगों ने मारपीट करते हुए उसका मोबाइल लूट लिया और विरोध करने पर उसे चाकू मारकर घायल कर दिया। इस मामले में सीसीटीवी की जांच के बाद आरोपियों की पहचान की गई और तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### फर्जी जमानतदार समेत अन्य गिरफ्तार

**रायपुर।** फर्जी ऋण पुस्तिका तैयार कर न्यायालय में बदमाशों की जमानत लेने वाले चंगोराभाठा निवासी 65 वर्षीय चेलाराम आसवानी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी आदतन बदमाश है और पहले भी इस तरह की धोखाधड़ी के मामले में पकड़ा जा चुका है। पुलिस को शिकायत मिली थी कि न्यायालय परिसर में फर्जी ऋण पुस्तिका तैयार कर आरोपियों की जमानत कराई जा रही है। इस आधार पर सक्रिय सिविल लाइंस पुलिस की टीम ने आरोपी चेलाराम आसवानी एवं अन्य संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़कर मौके पर तलाशी ली, जिनके कब्जे से 2 ऋण पुस्तिका बरामद की। जांच में पटवारी एवं तहसीलदार के सील तथा हस्ताक्षर फर्जी पाए गए।

## अलर्ट, 19 से बन रहा तगड़ा सिस्टम, दूसरे दिन से व्यापक बारिश का दौर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दूसरे पखवाड़े के साथ राज्य में बारिश की गतिविधि बढ़ चुकी है। 19 जुलाई को बंगाल की खाड़ी में बनने वाले सिस्टम के असर से 20 से राज्य में व्यापक वर्षा का दौर शुरू होने की संभावना है। इस दौरान ज्यादातर दिन में बादल छाए रहेंगे, जो शाम होने के बाद बरस सकते हैं। अभी मानसून द्रोणिका का असर सामान्य रूप से दिखाई पड़ता रहेगा।

- **दिन में छाए रहेंगे बादल, शाम होने के बाद बरसेंगे**

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार राज्य में 13 जुलाई के बाद बारिश की गतिविधि में वृद्धि हुई है। प्रतिदिन किसी ना किसी इलाके में भारी वर्षा दर्ज की जा रही है। अधिकतर इलाकों में अलग-अलग समय में हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। माना जा रहा है कि 20 जुलाई के बाद बरसात के दौर में और बढ़ोतरी हो जाएगी और राज्य का अधिकतर इलाका इसकी जद में आ जाएगा। 19 जुलाई में बंगाल की खाड़ी में सिस्टम तैयार हो रहा है, जो विभिन्न जिलों में बने संकट की स्थिति को कम करने में सहायक होगा। अभी एक निम्न दाब ▶▶ शेष पेज 11 पर

**शाम होते ही बरसे बादल**

शहर में सुबह के वक्त बादल और वातावरण में मौजूद 90 प्रतिशत से ज्यादा नमी की वजह से चिपचिपी गर्मी बनी हुई थी। शाम होने के बाद अचानक बादल छाए और शहर के विभिन्न इलाकों में पंद्रह मिनट तक बारिश होती रही। इसके बाद थोड़े अंतराल में बूंदाबांदी का दौर भी चलता रहा। पिछले चौबीस घंटे में बस्तर के कई इलाकों में दस से छह सेमी. तक बारिश दर्ज की गई है।

### आय, मूल निवास समेत अन्य प्रमाणपत्र बनवाने में दिक्कत

## पटवारियों की हड़ताल से प्रदेशभर में 20 हजार से अधिक रजिस्ट्रियों का नामांतरण अटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजस्व पटवारियों की हड़ताल के असर से आय, जाति, मूल निवास प्रमाण पत्र बनाने से लेकर सीमांकन, बटांकन सहित कई तरह के कामकाज नहीं हो पा रहे हैं, वहीं संपत्ति खरीदी-बिक्री के बाद रजिस्ट्री कराने के बाद नामांतरण भी नहीं हो पा रहा है। रायपुर जिले सहित राज्यभर में पटवारियों की हड़ताल के दौरान करीब 20 हजार रजिसट्रियां हो चुकी हैं, लेकिन पटवारियों की हड़ताल के कारण इनका नामांतरण नहीं हो पा रहा है। इसके कारण जमीन या मकान की रजिस्ट्री कराने के बाद भी लोग संपत्ति के मालिक नहीं बन पा रहे हैं।

पटवारियों को हड़ताल पर गए सप्ताह से ज्यादा हो चुका है। इस दौरान करीब 20 हजार जमीन व मकान की रजिस्ट्री हो चुकी है, जिनका नामांतरण अब तक नहीं हुआ है। रजिस्ट्री कराने के बाद ऑनलाइन सिस्टम से रजिस्ट्री के सारे दस्तावेज तहसील के ऑनलाइन साफ्टवेयर में ट्रांसफर किया जाता है, जिसके बाद संपत्ति का बी-1 ऑनलाइन भुइंया में दर्ज किया जाता है। पटवारियों के हड़ताल पर रहने के कारण बी-1 भुइंया में दर्ज नहीं हो पा रहा है। इसके कारण नामांतरण भी अटका हुआ है। इसके साथ जति, आय और निवास प्रमाणपत्र बनाने जैसे जरूरी काम भी अटक गए हैं।






**संघ की आज बैठक**

पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष कमलेश तिवारी ने बताया कि राज्यभर के राजस्व पटवारियों की बैठक 17 जुलाई को रायपुर में रखी गई है। इस बैठक के बाद पटवारी संघ का प्रतिनिधिमंडल राजस्व विभाग के आला अधिकारियों से मुलाकात करेगा, जिस पर उनकी मांगों को लेकर एक बार फिर चर्चा की जाएगी। इस चर्चा के बाद ही संघ आगे निर्णय लेगा।

**बैठक में बनाएंगे आंदोलन की रणनीति**

संघ के सभी पटवारियों की आज रायपुर में बैठक बुलाई गई है। बैठक में आंदोलन तेज करने पर रणनीति बनाएंगे। बैठक के बाद अधिकारियों से प्रतिनिधिमंडल मुलाकात कर मांगों पर चर्चा करने जाएगा। इसके बाद ही कोई निर्णय लेंगे।

\- **भागवत कश्यप**, प्रांताध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राजस्व पटवारी संघ

**तहसील कार्यालय में भटकते रहे लोग**

तहसीलदारों की हड़ताल खत्म जरूर हो गई है, लेकिन इससे लोगों की परेशानी कम नहीं हुई है। पटवारियों के हड़ताल पर रहने के कारण तहसील कार्यालय में कामकाज अभी भी पूरी तरह से प्रभावित है, जिसके कारण लोगों को तहसील कार्यालय आने के बाद भी काम नहीं हो पा रहे हैं। मंगलवार को रायपुर तहसील कार्यालय में लोगों की सामान्य दिनों की अपेक्षा कम भीड़ रही। इनमें ज्यादातर ऐसे ही लोग अपने वकीलों के साथ पहुंचे थे, जिनके तहसील न्यायालय में प्रकरण चल रहे हैं। हालांकि पटवारियों की हड़ताल के कारण पुराने प्रकरणों में सुनवाई नहीं हो पाई। कई प्रकरणों में पेशी की तारीख आगे बढ़ा दी गई है।

**2 सूत्रीय मांग को लेकर प्रदर्शन**

## प्रदेश के डीएड-बीएड प्रशिक्षित 22 को करेंगे विधानसभा घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड बीएड संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के डीएड बीएड प्रशिक्षित अपनी 2 सूत्रीय मांग को लेकर 22 जुलाई को विधानसभा का घेराव करेंगे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष दाउद खान ने कहा है कि बजट के दौरान विभागीय मंत्री ने प्रदेश में 33 हजार शिक्षकों की भर्ती करने की घोषणा की थी, लेकिन आज तक उन पदों पर वित्तीय स्वीकृति नहीं मिली है। इन पदों पर जल्द भर्ती करने और आरक्षित वर्ग को इसमें 5 फीसदी छूट की मांग को लेकर प्रदर्शन किया जायेगा।

*33 हजार शिक्षकों की हो भर्ती आरक्षित वर्ग को पांच फीसदी छूट की मांग*

प्रदेश के स्कूलों में रिक्त शिक्षक पदों पर भर्ती की मांग को लेकर पूरे छत्तीसगढ़ से डीएड बीएड प्रशिक्षित युवा राजधानी के नवा रायपुर स्थित तूता के धरना स्थल से 22 जुलाई को विधानसभा घेराव के लिए कूच करेंगे। प्रदेशव्यापी प्रदर्शन में बड़ी संख्या में डीएड-बीएड प्रशिक्षित विभिन्न जिलों से राजधानी रायपुर में जुटेंगे।

**5000 से ज्यादा स्कूल एकल शिक्षकीय**

छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड बीएड संघ पदाधिकारियों का कहना है, प्रदेश में 5 हजार से ज्यादा ऐसे स्कूल हैं, जो एकल शिक्षकीय व 700 से ज्यादा स्कूल शिक्षक विहीन हैं। इस बात को लेकर हमने सभी विधायकों का ध्यान आकर्षित कराते हुए पत्र सौंपा है। प्रदेश में नए शिक्षा सत्र की शुरुआत होने के साथ नई शिक्षा नीति को राज्य सरकार ने लागू करने का ऐलान किया है, लेकिन चिंता इस बात की है कि प्रदेश के स्कूलों में हजारों शिक्षकों के रिक्त पदों पर अब तक भर्ती नहीं की गई।

पुलिस ने स्कूल प्राचार्य सहित चार को किया है गिरफ्तार

## बलौदाबाजार हिंसा के मास्टर माइंड सरकारी शिक्षक को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बलौदाबाजार कलेक्टोरेट परिसर, एसपी कार्यालय तथा वाहनों में तोड़फोड़ और आगजनी करने के मास्टर माइंड तथा उसके अन्य साथियों को बलौदाबाजार पुलिस ने मुजगहन थाना क्षेत्र से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। इन सभी को आज जेल भेज दिया गया। घटना का मास्टर माइंड रायपुर में अपने एक परिचित के यहां छिपा हुआ था। पुलिस गिरफ्त में आया मास्टर माइंड सरकारी स्कूल का प्रभारी प्राचार्य है। आगजनी की घटना में शामिल चार में से एक की गिरफ्तारी भिलाई से की गई है।

पुलिस के मुताबिक आगजनी तथा हिंसा करने के आरोप में घटना का मास्टर माइंड मोहन बंजारे के साथ धमतरी निवासी कोमल संभाकार, महासमुंद निवासी दिनेश कुमार बंजारे, विजय कुमार बंजारे को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार दो माह पूर्व गिरौदपुरी से पांच किलोमीटर दूर मानाकौनी बस्ती में जैतखंब में तोड़फोड़ किए जाने की घटना से आक्रोषित समाज के लोगों ने 10 जून को विरोध में मोर्चा निकाला था। कलेक्टोरेट कार्यालय के पास चल रही सभा में समाज के लोग आक्रोषित हो गए और वाहनों में तोड़फोड़, आग लगाने की घटना को अंजाम देने के बाद कलेक्टोरेट तथा एसपी कार्यालय में तोड़फोड़ करते हुए आग के हवाले कर दिया।

हरिभूमि फॉलोअप

**हिंसा में शामिल ज्यादातर बड़े सूत्रधारों की रायपुर से गिरफ्तारी**


हरिभूमि

एक्शन में सरकार, 60 जेल भेजे गए, 200 हिरासत में, 500 से ज्यादा की तलाश

**वायरल वीडियो की पुष्टि के बाद मास्टर माइंड की पहचान**

तोड़फोड़ तथा आगजनी की घटना के बाद पुलिस ने समाज के लोगों द्वारा आयोजित सभा की वीडियो हासिल की। इसके साथ ही अलग-अलग सोशल मीडियो में वायरल हो रहे वीडियो की पुलिस ने पड़ताल की। इसके बाद पुलिस ने हिंसा तथा आगजनी मामले में मोहन को दोषी पाया। पुलिस को जो वीडियो प्राप्त हुआ है, उसमें मोहन भीड़ को उकसाता दिख रहा है। साथ ही पुलिस को मोहन का भड़काऊ भाषण मिला है। 10 जून की सभा में मोहन मंच संचालन कर रहा था। मोहन पर आरोप है कि उसने आंदोलन को हवा देने दूसरे जिले से समाज के लोगों को एकत्रित करने का काम किया। मोहन की पत्नी पलारी नगर पंचायत में पार्षद है। मोहन गोड़ा गांव के सरकारी स्कूल में प्रभारी प्राचार्य के पद पर पदस्थ है। इसके साथ ही वह प्रगतिशील सतनामी समाज का युवा अध्यक्ष है।

**अब तक 163 लोगों की गिरफ्तारी**

बलौदाबाजार आगजनी तथा हिंसा मामले में पुलिस ने अब तक 163 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में बलौदाबाजार जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र बंजारे, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष सूर्यकांत वर्मा के साथ ही भीम आर्मी का प्रदेश अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा महासचिव शामिल हैं। भीम आर्मी के ज्यादातर नेताओं को पुलिस ने रायपुर जिला से गिरफ्तार किया है।

**विभागीय कार्रवाई के लिए पत्र**

बलौदाबाजार हिंसा, आगजनी के मामले में गिरफ्तार मोहन बंजारे पूरे घटनाक्रम का मास्टर माइंड है। मोहन ने ही लोगों को भड़काने का काम किया था। उसका भाषण भी काफी उत्तेजक था। मोहन के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने कलेक्टर तथा जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखा गया है।

\- **विजय अग्रवाल**, एसपी बलौदाबाजार

## पीएससी भर्ती घोटाला मामले की जांच में जुटी सीबीआई ने जब्त किए इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के साथ दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पीएससी भर्ती घोटाला मामले में सीबीआई ने जिन लोगों के यहां छापे की कार्रवाई की है, उन लोगों के यहां जांच दूसरे दिन भी जारी रही। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई ने दूसरे दिन नवा रायपुर स्थित पीएससी कार्यालय से दस्तावेज जब्त करने के साथ कम्प्यूटर हार्ड डिस्क, जिसमें परीक्षा को लेकर डेटा सेव करते हैं, उसे जब्त किया है। इसके साथ ही पीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सोनवानी, सचिव रहे जेके ध्रुव तथा परीक्षा नियंत्रक आरती ▶▶ शेष पेज 11 पर

- **दूसरे दिन भी नवा रायपुर स्थित पीएससी दफ्तर के साथ आरोपियों के घरों में जांच जारी रही**



**सर्वर से डेटा रिकवर किया जाएगा**

पीएससी परीक्षा आयोजित करने कम्प्यूटर के हार्ड डिस्क में जो डेटा सेव किया जाता है, परीक्षा समाप्त होने से लेकर चयन होने तथा दावा आपत्ति करने के समय समाप्त होने के बाद हार्ड डिस्क का गैर जरूरी डेटा डिलीट हो जाता है। सीबीआई के अफसर मामले की पड़ताल करने हार्ड डिस्क के सर्वर से डिलीट डेटा को रिकवर कर गड़बड़ी का पता लगाने की कोशिश करेंगे।

**कई और लोग शक के दायरे में**

पीएससी भर्ती घोटाला में टामन, जेके ध्रुव, आरती वासनिक के नाम प्रमुखता के साथ सामने आए हैं। इस मामले में कई और अफसर तथा पीएससी कर्मियों के शामिल होने की आशंका है। इस बात को ध्यान में रखते हुए सीबीआई इस पूरे मामले में कई और संदेहियों से पूछताछ करने के बाद आरोपी बना सकती है।

**साक्षात्कार लेने वालों पर भी शिकंजा**

पीएससी भर्ती के लिए साक्षात्कार लेने के लिए तीन पैनल बनाए गए थे। सीबीआई की टीम पैनल में शामिल लोगों के बारे में जानकारी एकत्रित कर रही है। साथ ही उनके पुराने रिकार्ड के बारे में जानकारी एकत्रित कर रही है। गौरतलब है कि साक्षात्कार लेने बनाए गए तीन पैनल में से एक पैनल में पीएससी के चेयरमैन भी थे। इसके साथ ही सीबीआई इस बात की भी जानकारी जुटा रही है कि साक्षात्कार लेने वाले पैनल में शामिल सदस्यों के परिचित या उनके रिश्तेदार प्रतिभागी तो नहीं थे। इसके साथ ही सीबीआई की टीम इस बात की जानकारी जुटा रही है कि किस बोर्ड की ओर से लिए गए साक्षात्कार में सबसे ज्यादा लोगों का चयन हुआ।

### बिजली कंपनी में फर्जी भर्ती के नाम पर ठगी की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में विभिन्न पदों के लिए फर्जी भर्ती की सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी देकर ठगी करने का प्रयास कतिपय लोगों द्वारा किया जा रहा है। इसकी जानकारी होने पर कंपनी प्रबंधन ने आगाह किया है कि ऐसे फर्जी विज्ञापनों पर ध्यान न दें, कंपनी ने इस तरह की कोई भी भर्ती नहीं निकाली है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) अशोक कुमार वर्मा ने बताया, कतिपय लोगों द्वारा फर्जी जानकारी देकर छात्रों को ठगने का प्रयास किया जा रहा है। पॉवर कंपनी ने इस तरह का कोई विज्ञापन जारी नहीं किया है और न ही इस तरह के पदनाम से कोई सीधी भर्ती होती है। ठगी करने वाले छत्तीसगढ़ शासन और सीएसपीडीसीएल का अधिकृत लोगों (प्रतीक चिन्ह) का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। सोशल मीडिया ▶▶ शेष पेज 11 पर

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### अमेठी सेक्टर में संदर्भ शिविर का हुआ आयोजन

**आरंग।** अमेठी सेक्टर परियोजना आरंग में बाल संदर्भ शिविर का आयोजन किया गया। जहां पर शिशु रोग विशेषज्ञ हर्ष बाग द्वारा कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य परिक्षण किया गया। साथ ही कुपोषित बच्चों के पालकों को खान–पान संबंधित परामर्श दी गई। शिविर में 57 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जहां पर कुपोषित बच्चों के पालक उपस्थित हुए। उक्त कार्यक्रम में सविता टंडन सेक्टर पर्यवेक्षक, प्रमिला साहू, सोनी साहू, रुक्मिणी बांधे, निर्मला मनहरे, हेमा पटेल, रीमन साहू, उर्वशी, कांति, पुष्पलता, पेमीन पटेल, संजू डेरहीन, गंगा यादव, नंदनी साहू, सोनी साहू, पारागा बंजारे, प्रमिला टंडन, रूखमणी टोनडरे, प्रियंका दुबे, उषा तिवारी एवं समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### कृष्णानंद महाराज का एयरपोर्ट में भव्य स्वागत



**तिल्दा नेवरा।** सदविप्र समाज सेवा के संस्थापक एवं दिव्य गुप्त विज्ञान के प्रणेता समय के सद्गुरु स्वामी कृष्णानंद महाराज का स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में भव्य स्वागत हुआ। गौरखेड़ा में कार्यक्रम आयोजित सदविप्र समाज सेवा के अध्यक्ष आचार्य हेमंत ने बताया की सदगुरुदेव गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में छग प्रवास में है तथा 17 जुलाई को ब्रम्ह दीक्षा प्राप्तः 8 बजे से होगा। तत्पश्चात गुरु पूर्णिमा महोत्सव तिल्दा ब्लॉक के सदगुरु धाम आश्रम गौरखेड़ा में मनाया जायेगा। उक्त कार्यक्रमों में आचार्य ने समस्त जन को सम्मिलित होने का आमंत्रण दिया है।

### न्योता भोज आयोजित कर मनाया जन्मदिन



**आरंग।** शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला खपरी में मंगलवार को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना अंतर्गत न्योता भोज का आयोजन किया गया। बच्चों को मध्याह भोजन में निर्धारित मीनू के अलावा पोषण आहार के रूप में केला एवं जलेबी का वितरण किया गया। उक्त आयोजन उच्च प्राथमिक शाला के शिक्षक देवऋषि पात्रे के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था कि बच्चों को अधिक से अधिक पोषण आहार मिल सके, जिससे कि उनका शारीरिक व बौद्धिक विकास हो सके। साथ ही बच्चों, शिक्षकों व पालकों के बीच सौहार्द्रपूर्ण वातावरण का निर्माण हो सके। इस अवसर पर उच्च प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक खम्मन साहू, शिक्षक मनोज कुमार साहू, ईश्वरी बंजारे, प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक गोपाल राम चंद्राकर, रसोईया सुलोचनी यादव, जानकी यादव व छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

### 18 को होने वाला जनदर्शन स्थगित

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हर सप्ताह गुरुवार को होने वाला जनदर्शन अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। यह जन दर्शन 18 जुलाई गुरुवार को होने वाला था। बताया गया है कि श्री साय 18 तारीख को दिल्ली के दौरे पर रहेंगे।

### पीएससी की सीबीआई जांच पोलिटिकल प्रोपोगंडा

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, पीएससी मामले की सीबीआई जांच भाजपा का पोलिटिकल प्रोपोगंडा है। पीएससी की तथाकथित गड़बड़ियां विधानसभा चुनाव के समय तत्कालीन कांग्रेस सरकार की छवि खराब करने भाजपा ने गलत आरोप लगाया था।

# पालिका कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं, नगर की प्रकाश व्यवस्था भी चरमराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

नगर पालिका के कर्मचारियों को फंड की कमी के कारण दो माह से वेतन नहीं मिला है। अस्थायी कर्मियों को एक माह से तनख्वाह नहीं मिलने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई वार्डों की स्ट्रीट लाइट भी बंद है, जिससे प्रकाश व्यवस्था चरमरा गई है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र के 17 वार्डों में 20 प्रतिशत स्ट्रीट लाइट बंद है। स्ट्रीट लाइट बंद होने की शिकायत नागरिकों द्वारा वार्ड पार्षद सहित पालिका प्रशासन से किए जाने के बाद भी प्रकाश व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो रहा है। नगर के आउटर स्थित विभिन्न कॉलोनी जिसमें डीडी कालोनी, दुर्गा विहार, श्री बालाजी, ब्लाक कालोनी, अटल विहार, सुमन कालोनी, श्रीराम विहार, लक्ष्मी विहार, पंचमुखी महादेव, जोबा महादेव रोड, कलई रोड आदि में बरसात के मौसम में सांप, बिच्छू के निकलने से कॉलोनीवासी रात्रि में भयभीत रहते हैं। घर से बाहर आस पास घूमने से भी डरते रहते हैं। पालिका क्षेत्र के स्ट्रीट लाइट बंद रहने से रात्रि में चोरी होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। पालिका सूत्रें ने बताया की पालिका की माली हालत ठीक नहीं है। शासन से फंड नही मिल रहा है। नागरिक मूलभूत सुविधा से वंचित है। छोटे–छोटे विकास कार्य हेतु भी फंड का अभाव है।

- शिकायत के बावजूद प्रकाश व्यवस्था में सुधार नहीं

## 19 वार्डों में 20 प्रतिशत से अधिक स्ट्रीट लाइट बंद

### वेतन प्राप्त नहीं हुआ

सूत्रों ने यह भी बताया कि पालिका के माली हालत के कारण पालिका के स्थाई कर्मचारियों को दो माह का तथा अस्थाई कर्मचारियों को एक माह का वेतन प्राप्त नहीं हुआ है। नाली–सड़क की सफाई एवं मच्छर उन्मूलन हेतु आवश्यक सामग्री के खरीदी हेतु भी फंड के अभाव में नही हो पा रहा है।




### बारिश में जीव- जंतु का बढ़ा खतरा

मानसून पहुंचा तो बारिश होने लगी। वार्डों में स्ट्रीट लाइट बंद होने से जीव- जंतु का खतरा बढ़ गया है। रात को लोग भय से घर से बाहर नहीं निकल रहे हैं। साथ वेतन नहीं मिलने व बढ़ती महंगाई के कारण कर्मियों को परिवार चलाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## आयोजन : भगवान रघुनाथ का दर्शन पूजन करने पहुंचे विधानसभाध्यक्ष

# बालाजी मंदिर के निर्माण कार्य को जल्द पूरा किया जाएगा : डॉ. रमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

राजधानी रायपुर के श्री दूधाधारी मठ की तरह ही अभनपुर क्षेत्र का श्री स्वामी बालाजी मंदिर भी प्रसिद्ध है यहां श्री दूधाधारी मठ का बाड़ा है जिसका जीर्णोद्धार किया गया है व निर्माण कार्य अभी जारी है जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जायेगा, यह बातें प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभाध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने मंगलवार को अपने अभनपुर प्रवास के दौरान श्री स्वामी बालाजी मंदिर में भगवान रघुनाथ जी का दर्शन पूजन करने के उपरांत कहीं।

उन्होंने कहा कि यह स्थान यहां के निवासियों के सुख-दुख के कार्य को संपन्न करने के लिए उपयोग में आयेगा। मुझे यहां आने का सौभाग्य मिला यह महन्त जी का आशीर्वाद है कि वे हमें ऐसे कार्यक्रम में आमंत्रित करते रहते हैं, मैं उन्हें हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।

उल्लेखनीय है कि श्री स्वामी बालाजी भगवान का दिव्य मंदिर अभनपुर में बनकर लोकार्पित हुआ महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज एवं देश के अन्य अनेक स्थानों से आए हुए सन्त महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति में भगवान की प्रतिमाओं का प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। सुबह से ही मंदिर में पूजार्चना के साथ हवन तथा श्री राम नाम संकीर्तन, हनुमान चालीसा, श्री रामरक्षा स्तोत्र का पाठ का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में भगवान का भव्य मंगल आरती संपन्न हुआ उपस्थित भीड़ ने - भये प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी, श्री रामचंद्र कृपालु भजमन, स्तुति गान करके आराधना की और भगवान का दर्शन कर अपना जीवन धन्य बनाया।



### भगवान का दिव्य मंदिर बनकर तैयार

राजेश्री महंत जी महाराज ने अपने संदेश में कहा कि पूज्य गुरुदेव राजेश्री महन्त वैष्णव दास जी महाराज की यह इच्छा थी कि अभनपुर के इस बालाजी के बाड़ा में एक दिव्य मंदिर का नवनिर्माण हो आज वर्षों बीत जाने के पश्चात उनका सपना साकार हुआ है। यहां बहुत से लोग उपस्थित हैं जिन्होंने इस बाड़ा को पहले भी देखा है और उसके वर्तमान स्वरूप भी देख रहे हैं। भगवान का दिव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ है यह हम सभी के लिए प्रसन्नता की बात है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर विशेष रूप से नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत, दिल्ली से पधारे हुए महन्त रामानन्द गिरी महाराज, चित्रकूट से महन्त महाराज, संत राम गोपाल दास महाराज, सिरकट्टी आश्रम से महन्त गोवर्धन शरण महाराज अपने शिष्य मंडली सहित तथा विधायक इंद्र कुमार साहू, अशोक बजाज, पूर्व विधायक धनेंद्र साहू, पूर्व शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम, संस्कृत बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष डॉ सुरेश शर्मा, महेंद्र अग्रवाल, ज्योतिंद्रनाथ, विजय पाली, रामकृष्ण पाली, अजय तिवारी, मंगल विनोद अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, सुरेश शुक्ला, लोकेश पांडे, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, अनिल तिवारी, पूर्व अतिरिक्त कलेक्टर अरुण वैष्णव, रेवती यादव, ठाकुर चंद्रभानसिंह, पुरुषोत्तम मिश्रा, हेमंत दुबे, कमलेश सिंह, पूर्णेन्द्र तिवारी, सुखराम दास, राम छवि दास, राम पांडे, कमलनारायण मिश्रा, मुरारी वैष्णव, उत्रसेन गहिरवारे, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सम्मान समारोह में शामिल हुए भूतपूर्व शिक्षक व विद्यार्थी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

बद्रीनारायण बगड़िया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भूतपूर्व शिक्षक एवं भूतपूर्व छात्रों द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें शिक्षक विमल कुमार गिडीयन और उनके छात्र के रूप में नगर के बीएनबी शाला में पढ़े गुजरात सूरत नवसारी के सम्माननीय डॉक्टर प्रकाश टहल्याणी और उनकी पत्नी मीना टहलियानी उपस्थित हुए। साथ ही डॉक्टर बसंत हरिरामानी, डॉक्टर हरीश विरानी, नेभन दास बछवानी, ओमप्रकाश भोजवानी, कृष्ण मुरारी वर्मा एवं विरानी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए भूतपूर्व शिक्षक का सम्मान किया। डॉक्टर प्रकाश टहिलयानी जिनके द्वारा लीवर से संबंधित अनेक दवाइयां निर्मित की गई है जो विश्व स्तर की हैं विभिन्न देशों में पांच पेपर प्रकाशित किए गए एवं 12 जनरल उनके द्वारा प्रकाशित है कई देशों में उनके द्वारा व्याख्यान दिए गए है शाला में छात्रों को प्रेरणा संदेश दिया गया मेधावी छात्रा रीत बघेल को 2100 रुपए देकर सम्मानित किया गया संस्था प्रमुख डॉ. राजेश कुमार चंदानी द्वारा आए अतिथियों का स्वागत कर सम्मान स्वरूप एक यादगार चिन्ह प्रदान किया गया। गिडीयन ने अपनी उपलब्धि वर्तमान में सफल जीवन जी रहे छात्रों को बताया। वहीं भूतपूर्व छात्रों ने सारा श्रेय अपने शिक्षक गिडीयन को दिया। और कहा मैं आज जो कुछ भी हूं एक बेहतर शिक्षक के वजह से हूं। मेरी पहचान मेरे शिक्षक है। कार्यक्रम का संचालन संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता जितेंद्र कुमार जेहोआश एवं एसके सेन व्याख्याता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्र लक्ष्मी एवं साथी द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। समस्त शिक्षक गण व्याख्याता सुषमा दुबे किरण साहू अल्का मिश्रा, केसी कश्यप, एसके टंडन रात्रे, कांति बारा, कुसुम नाग ऐसे शिक्षक और सफल छात्रों का जो समाज के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत है को पाकर बहुत गदगद है तथा उनके प्रति अपना आभार व्यक्त करते है।

# स्वास्थ्य सेवा सुधारने दिया बीएमओ को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

शिवसेना जिला ग्रामीण अध्यक्ष राकेश शर्मा एवं केशव वैष्णव के नेतृत्व मे शिवसेना ने खंड चिकित्सा अधिकारी को स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त किए जाने के लिए ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्थाएं काफी लचर हो गई हैं। यहां डॉक्टरों एवं स्टाफ का रोस्टर बना होने के बावजूद उपलब्ध नहीं रहते।

मरीज यहां इलाज कराने आते हैं लेकिन पर्याप्त मात्रा में दवाई उपलब्ध नहीं कराई जाती। जेनेरिक मेडिकल स्टोर में भी पर्याप्त मात्रा में दवाई उपलब्ध न होने के कारण मरीजों को ऊंचे दामों में दवाई खरीदना पड़ता है। इस कारण गरीब व मध्यम वर्गीय परिवार को आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ता है। शिवसेना नेता राकेश शर्मा ने खंड चिकित्सा अधिकारी को बताया कि बरसात के समय में रेबीज टिटनेस एवं अन्य जेनेरिक दवाई की व्यवस्था अधिक मात्रा में रखा जाना चाहिए। वहीं एक्स–रे मशीन ऑपरेटर की व्यवस्था परमानेंट करने की भी मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में शिवसेना के नगर अध्यक्ष राज दुबे, व्यास सोनकर, टेकु देवांगन, रेखराज अग्रवाल, उजाला धीवर, कोमल यादव, जीतू निषाद, भुनेश्वर लोधी, बादल निषाद आदि उपस्थित थे।

## 143 लोगों को 4.65 लाख रुपए के चेक का वितरण



**अभनपुर।** कठिया मोड़ अभनपुर स्थित विधायक कार्यालय मे विधायक इन्द्रकुमार साहू द्वारा विधायक निधि से स्वेच्छा अनुदान के तहत अभनपुर मंडल के 143 लोगों को 4 लाख 65 हजार रूपये का चेक वितरण किया गया।

इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि क्षेत्र के आर्थिकमंद लोगों की मदद के लिये स्वेच्छानुदान राशि का वितरण किया गया है आगे भी जरूरतमंद लोगों के मदद के लिये तत्पर रहुंगा। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य खेमराज कोसले, गौरव शर्मा, भरत बैस, दिलीप अग्रवाल, किशन शर्मा, सुरज साहू, परमजीत सचदेवा, मुकेश ढीढी सहित भाजपा कार्यकर्ता व हितग्राही उपस्थित रहे।



## दो नाबालिग बालिकाओं को चाइल्ड लाइन के सुपुर्द किया

**तिल्दा नेवरा।** मंगलवार को रेलवे स्टेशन तिल्दा नेवरा के प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर उपनिरीक्षक डीके शास्त्री को गश्त के दौरान दो नाबालिग बालिकाएं घूमते हुए मिली। पूछताछ में वे बताई कि वे इमामबाड़ा सिमगा के मदरसे से भाग कर यहां आई है और अब मदरसे जाना नहीं चाहती हैं। अतः बालिकाओं का विनियमित प्रकार से मेडिकल मुलाहिजा कराया गया एवं प्रधान आरक्षक आरआर आहेर एवं महिला आरक्षक सीमा जोशी के साथ रायपुर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु गाड़ी संख्या 12834 से दोनों नाबालिग बालिकाओं को रवाना कर चाइल्ड लाइन रायपुर को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया। इस दौरान तिल्दा नेवरा आरपीएफ आउट पोस्ट चौकी में प्रभारी डी के शास्त्री सहित तिल्दा नेवरा रेलवे स्टेशन मास्टर सुमन झा भी उपस्थित रहे।

# 150 बच्चों व 30 ग्रामवासियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसीवां

पीएम श्री योजना के प्रोजेक्ट इनावेशन के अन्तर्गत मंगलवार को आयोजित हैल्थ कैम्प शासकीय प्राथमिक शाला तिवरैया में 1ली से 5वी तक सभी का बच्चों का स्वास्थ परीक्षण कर विभिन्न प्रकार के टेस्ट व दवाई बाटी गई है। जिसमें 150 बच्चों और 30 ग्रामवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया व आवश्यक इलाज हेतु कुछ बच्चों व ग्रामीणों को स्वास्थ्य केन्द्र के लिए निर्देशित भी किया गया। इस स्वास्थ्य परीक्षण में नाक, कान, गला, आंख, ब्लड ग्रुप, मौसमी बीमारी पेट दर्द, आदि का इलाज किया गया। इस अवसर पर डॉ. विकास तिवारी, खण्ड शिक्षा चिकित्सा अधिकारी, धरसींवा, चिरायु टीम व सीमा शुक्ला के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर मार्गदर्शन दिया गया। आयोजन में शाला के सभी स्टॉफ व विभिन्न संकुल केन्द्रों के संकुल समन्वयक गण भी उपस्थित रहे। सभी ने हेल्थ कैम्प आयोजन की प्रसंशा की व लाभ लिया।

- पीएम श्री योजना की प्रोजेक्ट इनावेशन के अंतर्गत हैल्थ कैंप का आयोजन




## बारिश नहीं होने से बियासी व रोपाई का काम अटका ...



**तरपोंगी।** अंचल में पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण किसान काफी परेशान है। जिसके चलते बियासी व रोपाई का काम अटका हुआ है। कोल्हान नाला में इस वर्ष पहली बार 16 जुलाई की स्थिति में एनीकेट सूखा पड़ा है। ट्यूबवेल का वाटर लेवल तेजी से गिर रहा है। यही हाल रहा तो किसानों को खेती में काफी नुकसान हो सकता है। यह कोल्हान नाला इस क्षेत्र के किसानों का सिंचाई का प्रमुख साधन है। यह जीवन दायनी नाला मछली पकड़ने वाले सैकड़ों परिवार का भरण पोषण करता है। यह तस्वीर तरपोंगी व खैरखूँट के बीच बने कोल्हान नाला एनीकेट का है।

## शराब दुकान के सेल्समैन पर गबन का आरोप, मामला दर्ज

**तिल्दा नेवरा।** सरकारी कंपोजिट शराब दुकान नेवर से 2,36000 रुपए से अधिक की राशि गबन करने वाले आरोपी के खिलाफ नेवरा थाना में शिकायत दर्ज किया गया है। आवेदक बलदीप सिंह आहूजा ने नेवरा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कर बताया कि वह शासकीय कंपोजिट शराब दुकान नेवरा में सेल्समैन के पद पर कार्यरत है। वहां के सुपरवाइजर राजू प्रसाद रायपुर निवासी मूल निवासी जमशेदपुर के द्वारा सरकारी वाइन शॉप से 2, 36, 800 रुपए की राशि का हेर फेर किया है। उक्त राशि का हेर फिर कर गबन किया गया है। प्रार्थी ने नेवरा थाना में इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई है। साथ ही आबकारी विभाग को भी इसकी जानकारी दी है। जहां पर आबकारी विभाग के द्वारा भी आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की बातें की जा रही है साथ ही उसे शराब दुकान से निकाल दिया गया है। आबकारी प्रभारी दिलीप प्रजापति द्वारा खरोरा सहित क्षेत्र में शराब दुकान में ओवर रेट पर शराब बेचे जाने पर भी करवाई की गई है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार धरसींवा**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भः- जिला रायपुर तहसील धरसींवा प.ह.न.- 00015 गिधौरी ग्राम के नामांतरण पंजी. में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD202324440717800005

**ईश्तहार**

तहसील धरसींवा के प.ह.न. 00015 के अंतर्गत ग्राम गिधौरी के वर्तमान भूमिस्वामी
गमेशदास, रमेशकुमार, दिनेश कुमार पिता/पति ढ़ालूदास पता- गिधौरी, सुकालूराम पिता/पति बैसाखू राम पता, कलीन्दरी बाई पिता/पति- शिवकुमार पता- कमला बाई, बिमला बाई, शांति बाई, संतबाई, अनिता बाई पिता/पति ढ़ालूदास पता-, प्रभाबाई पिता/पति- अमृत लाल पता गिधौरी, मेहतरीन पिता/पति- ढालूदास पता- के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 87/4(0.0400), 90(0.4940), 91(0.5100), 115(0.0810), 162/1(0.0120) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता प्रभा बाई पिता/पति अमृत लाल पता- सा. देह के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक **05/08/2024** को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार धरसींवा पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक **13/07/2024** को जारी किया जाता है।

मुहर
**नायब तहसीलदारः Aman Chaturvedi**
**तहसील - धरसींवा**

**नाम परिवर्तन**

मैं टकेश्वर साहू उम्र-35 वर्ष पिता- श्री कन्हैया साहू निवासी ग्राम सोंडरा चिखली थाना धरसींवा तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्कूल के दाखिला पंजी में मेरा नाम लंकेश्वर साहू पिता - कन्हैया साहू दर्ज है।

मेरे कक्षा पांचवीं के अंकसूची एवं समस्त सभी शैक्षणिक दस्तावेज, पैन कार्ड, आधार कार्ड क्रमांक 3176 6026 7229 में तथा अन्य दस्तावेजों में टकेश्वर साहू दर्ज है इस प्रकार से लंकेश्वर साहू एवं टकेश्वर साहू पिता- कन्हैया साहू यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति के अर्थात मेरे स्वयं के ही है।

यह कि मेरे बच्चों के शैक्षणिक दस्तावेज, अंकसूची एवं आधार कार्ड में मेरा नाम टकेश्वर साहू दर्ज है तथा मेरा समस्त पत्र व्यवहार टकेश्वर साहू के नाम से होता है तथा अब मुझे हमेशा हमेशा के लिए टकेश्वर साहू के नाम से जाना पहचाना एवं पुकारा जावें।

दिनांक : 16.07.2024

**शपथकर्ता**
**टकेश्वर साहू**

**आम सूचना**

**वाके मौजा- ग्राम-बोरियाखुर्द, प.ह.नं.-118, तहसील व जिला - रायपुर छ.ग. स्थित ख.नं.- 265/ 140 रकबा 2275 वर्गफुट के संबंध में)**

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार श्रीमती जयंती देवांगन पति स्व. डीआर. देवांगन, पता-कृष्णा नगर, संतोषी नगर, रायपुर छ.ग. की ओर से सूचित करता हूं कि उपरोक्त वर्णित भूमि बाबत प्रवीण चन्द्राकर पिता शत्रुघन लाल चन्द्राकर, निवासी- बालाजी टेम्पल, आनंद नगर, रायपुर छ.ग. द्वारा मेरे पक्षकार के स्वामित्व की उक्त भूमि जो कि प्रवीण चन्द्राकर द्वारा ही विक्रय किया गया था जिस पर विवाद रहने के कारण उक्त भूमि का रकम वापस करने के लिये बुलवाकर मेरे पक्षकार को जानकारी दिये बिना भागीदार डीड का निष्पादन करा लिया जो जानकारी होने पर मेरे पक्षकार द्वारा विरोध किया गया था किंतु प्रवीण चन्द्राकर द्वारा बदनियति से मेरे पक्षकार के उक्त भूमि पर उक्त कथित भागीदार विलेख के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर को आवेदन देने पर मेरे पक्षकार द्वारा आपत्ति दर्ज करायी तदनुसार अतिरिक्त तहसीलदार महोदय ने प्रवीण चंद्राकर का नामांतरण आवेदन निरस्त कर दिया।

सर्वसाधारण सूचित हो कि मेरे पक्षकार के उपरोक्त वर्णित भूमि पर कोई भी क्रय-विक्रय, लेन-देन ना करें साथ ही कथित भागीदारी डीड को निरस्त किये जाने की कार्यवाही किया जाना है एवं प्रवीण चन्द्राकर भी उक्त कथित दस्तावेज के आधार पर कोई कार्यवाही करते है तो समस्त जिम्मेदारी प्रवीण चन्द्राकर का होगा, और तत्काल मेरे पक्षकार का रकम वापिस कर भागीदारी डीड को भी समाप्त करने की प्रक्रिया अपनाये।

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 09/07/2024

**भवदीय**
**भोला साहू (अधिवक्ता)**
**कार्यालय श्री राधा-कृष्ण मंदिर परिसर प्रथम तल, एम्स गेट नं.-05 के सामने, टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.)**
**मो. नं. 87178-25383**

## खबर संक्षेप

### 18 को होने वाला जनदर्शन स्थगित



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हर सप्ताह गुरुवार को होने वाला जनदर्शन अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। यह जन दर्शन 18 जुलाई गुरुवार को होने वाला था। बताया गया है कि श्री साय 18 तारीख को दिल्ली के दौरे पर रहेंगे।

### पीएससी की सीबीआई जांच पोलिटिकल प्रोपोगंडा

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, पीएससी मामले की सीबीआई जांच भाजपा का पोलिटिकल प्रोपोगंडा है। पीएससी की तथाकथित गड़बड़ियां विधानसभा चुनाव के समय तत्कालीन कांग्रेस सरकार की छवि खराब करने भाजपा ने गलत आरोप लगाया था। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का भी बयान आया है कि सीबीआई जांच से युवाओं की शंका दूर होगी अर्थात भाजपा के वरिष्ठ नेता भी पीएससी का गड़बड़ी के आरोपों को शंका मात्र ही मानते हैं। सीबीआई जांच में भी कुछ हासिल नहीं होने वाला। इस जांच से भाजपा के झूठे आरोपों की पोल खुलेगी और सच्चाई सामने आयेगी। उन्होंने कहा, राज्य लोकसेवा आयोग में कथित गड़बड़ी के आरोप भाजपा ने साजिश के तहत लगाया था। अमूमन किसी भी परीक्षा में गड़बड़ियों के यह आरोप लगते हैं।

### छत्तीसगढ़ी ओलिंपिक बंद करने का निर्णय गलत

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार का छत्तीसगढ़ी ओलिंपिक बंद करने का निर्णय गलत है। यह भारतीय जनता पार्टी की छत्तीसगढ़ी खेलों के प्रति दुर्भावना को दर्शाता है। यह छत्तीसगढ़ी अस्मिता से खिलवाड़ है। छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक चालू करके पूर्ववर्ती सरकार ने छत्तीसगढ़ के जो पारंपरिक खेल थे, उनको बढ़ावा दिया था। इसका व्यापक पैमाने पर स्वागत हुआ था। हर वर्ग के लोग, बच्चे, युवा, बूढ़े, महिला सभी इसमें भाग लेते थे और इससे न सिर्फ छत्तीसगढ़ी संस्कृति को प्रोत्साहन मिलता था, लोगों को इसके कारण शारीरिक रूप से भी मजबूती मिलती थी।

### छग सराफा एसोसिएशन के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे डिप्टी सीएम

रायपुर। उप मुख्यमंत्री अरुण साव 17 जुलाई को दोपहर 12 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के शपथ ग्रहण एवं आशीर्वाद समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम के बाद वे दोपहर 1 बजे रायपुर से बिलासपुर के लिए रवाना होंगे। वे दोपहर तीन बजे बिलासपुर पहुंचेंगे। शाम छह बजे बिलासपुर से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। वे रात आठ बजे वापस रायपुर पहुंचेंगे तथा रात 9.20 बजे रायपुर से नियमित विमान से नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे। वे रात 11.20 बजे नई दिल्ली पहुंचेंगे।

### पत्रकारिता विश्वविद्यालय में पौधारोपण अभियान



रायपुर। पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य न केवल परिसर को हरा-भरा रखना है, बल्कि छात्रों, शिक्षकों और समुदाय के बीच पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है। इसी श्रृंखला में पत्रकारिता विश्वविद्यालय में बादाम सहित विभिन्न फलदार पौधे उनके द्वारा प्रदाय कर रोपित किए गए। अभियान के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप जैन ने कहा कि, वृक्षारोपण एक प्रेरणादायी पहल है, जो निश्चित रूप से दूसरों को भी प्रेरित करेगी। अपने परिवेश को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करने होंगे। विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव डॉ. नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव भाई शर्मा के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के उपकुलसचिव सौरभ शर्मा, जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र मोहंती, प्राध्यापक पंकज नयन पाण्डेय, डॉ. नीति ताम्रकार सहित शिक्षक और विद्यार्थियों शामिल हुए।

# पीएम सूर्य योजना में पोर्टल की समस्या, वेंडरों का काम भी सुस्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

सूर्योदय पीएम योजना के तहत अपने घर की छत पर बिजली का उत्पादन करने के लिए प्रदेश के बिजली उपभोक्ता भी रुचि दिखाने लगे हैं, लेकिन एक तरफ जहां पोर्टल की समस्या के कारण आवेदनों को लेकर परेशानी हो रही है, वहीं वेंडर भी तेज गति से काम नहीं कर पा रहे हैं। अब तक योजना में 35 सौ आवेदन आ गए हैं, लेकिन जहां तक उपभोक्ताओं की छतों पर सोलर पैनल लगाने का सवाल है, तो महज 147 घरों पर सोलर पैनल लगे हैं। इस योजना में देशभर के एक करोड़ बिजली उपभोक्ताओं को जोड़ने का लक्ष्य है। छत्तीसगढ़ से इस योजना में करीब 25 हजार उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने की छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने योजना बनाई है। इस योजना में जुड़ने वालों को हर माह 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी।

अपने प्रदेश में भी में बिजली की खपत लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले साल रिकॉर्डतोड़ खपत के बाद अपने राज्य में इस साल भी गर्मी में खपत छह हजार मेगावाट के पार गई है। आने वाले समय में यह खपत सात हजार मेगावाट तक जा सकती है। मानसून में भी उमस के कारण बिजली ने खपत का रिकॉर्ड पिछले साल तोड़ने का काम किया। आमतौर पर अपने देश में बिजली की जितनी खपत है, उसकी तुलना में उत्पादन उतना नहीं हो पाता है। आने वाले समय में खपत में लगातार इजाफा भी होगा।

## 35 सौ आवेदन में सोलर पैनल लगे महज 147 ही

### प्रदेश में 25 हजार का लक्ष्य

अपने प्रदेश में 60 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ता हैं। इसमें से करीब 50 लाख घरेलू उपभोक्ता हैं। इन उपभोक्ताओं में 47 लाख से ज्यादा उपभोक्ता ऐसे हैं जिनकी खपत महज 300 यूनिट की होती है। घरेलू उपभोक्ताओं में से 25 हजार उपभोक्ताओं को इस योजना से जोड़ने की तैयारी है। इस योजना में सबसे ज्यादा सात हजार उपभोक्ता रायपुर, छह हजार उपभोक्ता दुर्ग-भिलाई, छह हजार उपभोक्ता बिलासपुर, कोरबा और रायगढ़ में तीन-तीन हजार उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने का लक्ष्य है।




### केंद्र-राज्य से अनुदान

योजना में केंद्र और राज्य सरकार ने इसके लिए अनुदान भी तय किया है। इसमें केंद्र सरकार से जहां 1 से 2 किलोवाट के लिए 30 से 60 हजार और 3 किलोवॉट या इससे ज्यादा के लिए 78 हजार का अनुदान मिलेगा, वहीं राज्य सरकार से भी 15 से लेकर 45 हजार तक का अनुदान मिलेगा।

## प्रदेशभर से युवा, किसान, महिलाएं और अलग-अलग फील्ड के प्रोफेशनल पहुंचे

# विजन डाक्यूमेंट तैयार करने मिले सैकड़ों सुझाव युवा, कृषक, महिलाएं और प्रबुद्धजन हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए विजन डॉक्यूमेंट सभी की भागीदारी से तैयार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है, इसे पूरा करने के लिए हम विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के युवाओं, कृषकों, महिलाओं और प्रबुद्धजनों ने अपने-अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने की।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को न्यू सर्किट हाउस में छत्तीसगढ़ विजन 2047 तैयार करने के लिए राज्य नीति आयोग द्वारा आयोजित मोर सपना मोर विकसित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय संवाद कार्यक्रम में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में भारत विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। प्रधानमंत्री ने अगले पांच साल में भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का आह्वान किया है। इस उद्देश्य को पूरा करने में छत्तीसगढ़ का भी महत्वपूर्ण योगदान होगा। उन्होंने कहा, युवाओं, कृषकों, महिलाओं और प्रबुद्धजनों ने विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण विचार साझा किए।



### कृषि में बढ़ानी होगी युवाओं की भागीदारी : ओपी चौधरी

वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने कहा, कार्यक्रम में प्राप्त सुझावों का नीति आयोग द्वारा संकलन किया जाएगा। प्रदेश में पर्यटन तथा सर्विस सेक्टर में भी असीम संभावनाएं हैं। वर्तमान में कृषि में रसायनिक खाद के उपयोग से कैंसर रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। हमें जैविक खेती को बढ़ावा देना होगा। कृषि में युवाओं की भागीदारी भी बढ़ानी होगी। उन्होंने कहा, प्रोग्रेसिव फॉर्मिंग के लिए किसानों की जमीन को एक साथ करने के लिए विचार करने की जरूरत है।

### प्रदेश में उद्योगों की अपार संभावनाएं

छत्तीसगढ़ विजन डॉक्यूमेंट संवाद कार्यकम में मुख्यमंत्री ने कहा, विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में सबकी सहभागिता जरूरी है। छत्तीसगढ़ प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण है और प्रदेश में उद्योगों की अपार संभावनाएं हैं। एक नवम्बर को नई उद्योग पॉलिसी लाने वाले हैं। उसी दिन को विजन डॉक्यूमेंट भी पेश किया जाएगा। हमारी सरकार हर क्षेत्र में रीफार्म ला रही है और 2047 तक छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ के रूप में खड़ा करेंगे।

### कृषि और अन्य क्षेत्रों में आए ये सुझाव

छत्तीसगढ़ को देश में कृषि एवं प्रसंस्कृत सुपरफूड का पावर हाऊस बनाने आज कृषकों ने कृषि और खाद्य प्रसंस्करण, बागवानी फसलों, कृषि के क्षेत्र में बुनियादी ढांचे में सुधार सहित अनेक मुद्दों पर अपना सुझाव दिए। परिचर्चा में स्वास्थ्य छत्तीसगढ़, सुखी छत्तीसगढ़, सुस्थायित्व (स्टेनेबिलिटी) स्थायी समुदाय सतत उत्पादन और उपभोग, कृषि सुपर फूड्स शक्ति, सेहत प्राकृतिक औषधालय, सेवा क्षेत्र आईटी का नया गढ़, लॉजिस्टिक्स जुड़ता छत्तीसगढ़, बढ़ता छत्तीसगढ़ पर विस्तृत चर्चा की गई। इसी प्रकार शिक्षा फ्यूचर रेडी, प्रतिभाशाली छत्तीसगढ़, संस्कृति कला और संस्कृति की नई पहचान, विनिर्माण उद्योग की नई परिभाषा, वन्य उत्पाद स्थानीय उत्पाद, वैश्विक पहचान, पर्यटन प्रकृति से संस्कृति तक, गवर्नेस सरल, सुरक्षित छत्तीसगढ़ विषय पर चर्चा की गई। प्रबुद्धजनों ने सुझाव दिया कि छत्तीसगढ़ के जनजाति समाज की सभ्यता एवं संस्कृति को संरक्षित करते हुए विकास किया जाए।

### 200 प्रतिभागी हुए शामिल

संवाद कार्यक्रम में लगभग 200 प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यक्रम में काष्ठ शिल्पकार एवं पद्मश्री से सम्मानित अजय मण्डावी एवं पद्मश्री जागेश्वर यादव, कोण्डागांव से आयी महिला कृषक उदेश्वरी, शुभम दीक्षित, सिमरन, अंकित जैन, शताब्दी पाण्डेय, सुधा वर्मा सहित अनेक लोगों ने सुझाव दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के सलाहकार धीरेन्द्र तिवारी, राज्य नीति आयोग के सदस्य के. सुब्रमण्यम, सचिव अनूप श्रीवास्तव, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत भी उपस्थित थे।

# राज्य और जिला उपभोक्ता फोरम अध्यक्ष-सदस्यों के वेतन भत्तों का नया नियम बना



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्य और जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्षों और सदस्यों के वेतन-भत्ते का नया नियम राज्य सरकार ने बनाया है। इस संबंध में राजपत्र में अधिसूचना का प्रकाशन किया गया है। बताया गया है कि यह मॉडल नियम 2020 को सम्यक रूप से अंगीकृत करते हुए बनाया गया है।

### जिला आयोग के अध्यक्ष को इतना वेतन

जिला आयोग में अध्यक्ष के रूप में यदि कोई सेवारत न्यायाधीश अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होता है, तो वह ऐसे वेतन, भत्ते, एवं अन्य सुविधाओं को प्राप्त करने का अधिकारी होगा जो वह जिला न्यायाधीश के रूप में प्राप्त कर रहा है। परंतु यदि सेवारत जिला न्यायाधीश अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होता है और अध्यक्ष के कार्यकाल के दौरान ही वह सेवा निवृत्त हो जाता है, तो उसका वेतन सेवानिवृत्ति के समय प्राप्त अंतिम वेतन के समान होगा। जिसमें पेंशन, भत्ते, और अन्य सुविधाएं घटाकर निर्धारित किए जाने वाला शुद्ध वेतन देय होगा। इसी तरह यदि कोई सेवा निवृत्त जिला न्यायाधीश अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होता है तो उसका वेतन सेवानिवृत्ति के समय आहरित अंतिम वेतन के समान होगा। जिसमें पेंशन भत्ते, और अन्य सुविधाएं घटाकर निर्धारित किए जाने वाले शुद्ध वेतन होगा। यदि कोई अधिवक्ता अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होता है तो उसका वेतन राज्य सरकार के अतिरिक्त सचिव को को प्राप्त होने वाले वेतन के समान होगा। जिसमें भत्ते और अन्य सुविधाएं घटाकर निर्धारित किए जाने वाला शुद्ध वेतन होगा ।

### राज्य आयोग के अध्यक्ष का वेतन कितना

राज्य आयोग का अध्यक्ष सेवारत न्यायाधीश नियुक्त होता है, तो वह उच्च न्यायालय के सेवारत न्यायाधीश को प्राप्त होने वाले वेतन, भत्ते, एवं अन्य सुविधाओं को प्राप्त करने का अधिकारी होगा। इसके साथ ही राज्य आयोग का सेवानिवृत्त न्यायाधीश अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है तो उसका वेतन सेवानिवृत्ति के समय आहरित अंतिम वेतन में से पेंशन को घटाकर होगा तथा भत्ते एवं अन्य सुविधाएं वही होंगी, जो सेवारत न्यायाधीश को प्राप्त होती है।

# रायपुर ग्रामीण-उत्तर के मतदाताओं का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर लोकसभा की विधानसभाओं के मतदाता अभिनंदन समारोह के तहत मंगलवार को रायपुर ग्रामीण और रायपुर उत्तर विधानसभा के मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का अभिनंदन कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर ग्रामीण विधानसभा के विकास के लिए एक करोड़ देने की घोषणा की।

रायपुर ग्रामीण के कार्यक्रम में को श्री अग्रवाल ने कहा, ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव में जानदार, शानदार और दमदार प्रदर्शन किया। लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा वोट देकर, रायपुर को देश के शीर्ष 10 लोकसभा क्षेत्र में शामिल करने में रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का अतुलनीय योगदान रहा है। इसके कारण अकेले रायपुर ग्रामीण क्षेत्र में एक लाख 7 हजार से ज्यादा मतों का अंतर रहा। श्री अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं से इस जोश को बरकरार रखने के लिए कहा और आने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में भी भाजपा का शानदार प्रदर्शन दोहराने की बात कही। श्री अग्रवाल ने कहा, अब उनके सांसद बन जाने पर क्षेत्र का अधिक तेजी से विकास होगा जिसके लिए उन्होंने सांसद निधि से एक करोड रुपए देने की घोषणा भी की। रायपुर उत्तर विधानसभा के मतदाताओं का सम्मान समारोह एकात्म परिसर में आयोजित किया गया। मतदाताओं का रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं पुरंदर मिश्रा ने शॉल और श्रीफल देकर सम्मान किया। पूर्व सांसद सुनील सोनी ने कहा, अभी लड़ाई जारी रखना है।



# महतारी वंदन पर गरमाई राजनीति, भूपेश बोले-महिलाओं को नहीं मिल रही राशि, चौधरी का जवाब- मेरे गांव आकर देख लो

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक महतारी वंदन योजना को लेकर राजनीति गरमाती दिख रही है। इसकी शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के एक ट्विट से हुई जब उन्होंने कहा- महतारी के नाम पर योजना शुरू की, फिर उस योजना में पैसा देने के लिए छत्तीसगढ़ की जनता से बिजली बिल के नाम पर वसूली शुरू की।

जनता से वसूली करने के बाद भी महिलाओं को महतारी वंदन योजना की राशि क्यों नहीं मिल रही है? ये वसूलीबाज सरकार जवाब दे। इसके जवाब में वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपने गांव आने का आमंत्रण दिया है। उन्होंने कहा, 70 लाख माता बहनों को हर माह 1000 मिलने पर भूपेश बघेल के पेट में दर्द हो रहा है। उनके गांव में जाकर यदि हाथ खड़े कराएंगे, तो कितनों का हाथ उठेगा, ये भूपेश बघेल खुद जाकर देख सकते हैं।



- सियासी विवाद में कूदे पूर्व मंत्री डहरिया भी
- चौधरी का पलटवार, कांग्रेस ने 500 भी नहीं दिए



### विवाद में कूदे डहरिया

इस मामले को लेकर कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया भी कूद पड़े हैं। महतारी वंदन योजना को लेकर उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, जिन लोगों को महतारी वंदन की राशि जारी हो रही थी, उनकी सूची सरकार को जारी करनी चाहिए। डहरिया ने कहा, पहले चुनाव के समय सभी लोगों से फॉर्म भरवाए गए। चुनाव के समय तक बहुत सारे लोगों को राशि दी गई, उसके बाद अब आधे से ज्यादा लोगों का नाम काट दिया गया। गांव-गांव में यह शिकायत आ रही है कि पहले पैसा मिलता था, अब नहीं मिल रहा है।

### कांग्रेस ने 500 रुपए देने का वादा कर नहीं दिया

महतारी वंदन योजना पर गरमाई राजनीति आरोप-प्रत्यारोप के बीच सरकार के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर भी हमले किए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने से पहले मैनिफेस्टो में महिलाओं को 500 हर महीने देने का वादा किया गया, पांच साल तक किसी को पांच रुपए तक नहीं दिए। हमारी सरकार में महिलाओं को 1000 प्रति महीने मिल रहा है। इसी क्रम में उन्होंने पीएससी घोटाले और रोजगार की बात भी जोड़ी। पीएससी घोटाले की जांच पर वित्तमंत्री ने कहा, कांग्रेस राज के दौरान पीएससी में माफिया राज चला, हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि भर्तियों में गड़बड़ियां समाप्त हो। हमने सीबीआई जांच का वादा किया, जांच की जा रही है।

### संगठन को देंगे मजबूती

*प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने पिछली बैठकों के संबंध में कहा था कि संगठन को आने वाले समय में मजबूत बनाने का कार्य किया जाएगा। संगठनात्मक कार्यक्रमों को गति प्रदान करने पर पिछली बैठकों में चर्चा की गयी। निचले स्तर के कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने जिम्मेदारी दी जाएगी। पीसीसी अध्यक्ष को बड़े नेताओं ने इसके लिए अधिकृत कर संगठन को मजबूती देने पर कार्य करने कहा है। नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव से पहले प्रदेश कांग्रेस के जिला बाडी में बदलाव को मूर्त रूप दिया जाएगा।*

## पार्टी संगठन में निचले स्तर पर होगा बदलाव

# पीसीसी अध्यक्ष बैज के नेतृत्व में लड़ा जाएगा नगरीय निकाय चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में राज्य में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। हाल ही में हुई कार्यकारिणी की बैठक में संगठन में निचले स्तर पर बदलाव कर उसे मजबूती प्रदान करने रणनीति तैयार की गई है। संगठन में उन सभी जिला अध्यक्षों के कार्यों का आकलन करने के बाद नई टीम तैयार कर निकाय चुनाव में ताकत झोंकी जाएगी। पिछले सप्ताह हुई बैठक में कांग्रेस पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों से मिले सुझावों के आधार पर काम शुरू हो गया है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी में संगठन को मजबूती प्रदान करने के संबंध में लगातार समीक्षा की जा रही है। एआईसीसी ने इसी आधार यह जानने का प्रयास किया कि संगठन से कहां चुक हुई कि चुनाव में हार का समाना करना पड़ा। उसके आधार पर सभी लोकसभा क्षेत्रों के पदाधिकारियों से चर्चा के बाद संगठन का पुनर्गठन कर आगे की रणनीति तैयार करने प्रदेश बाड़ी को कहा गया। इसी आधार पर संगठन ने पिछले 9 और 10 जुलाई को कार्यसमिति और अन्य पदाधिकारियों की बैठक कर रणनीति बनाई।



प्रदेश अध्यक्ष को संगठन में बदलाव के संबंध में अधिकृत किया गया है। बताया गया है कि उसके आधार जिला और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाकर नए लोगों को मौका दिया जाएगा। रणनीति में यह भी कहा गया कि प्रदेश स्तर पर रिक्त पदों को भरा जाए। निकाय चुनाव से पहले इसे पूरा कर सभी निकायों में कांग्रेस स्थानीय लोगों को चुनाव में उतारेगी।

### संगठन को मजबूती देने कड़ा रुख अपनाएगी

विधानसभा और लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद अब पार्टी का पूरा ध्यान आगे की रणनीति पर केंद्रित हो गया है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का एक साल का कार्यकाल पूरा हो गया है। उनके कार्यकाल में पार्टी को अपेक्षित सफलता नहीं मिली। मामले में सत्ता और संगठन के बीच समन्वय में कमी और अंतर्कलह को जिम्मेदार माना गया। चुनाव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत लगाई, लेकिन परिणाम विपरीत रहा। संगठन को मजबूत कर ऐसे मामलों को ठीक करने पार्टी अब कड़ा रुख अपनाएगी।


## नाम परिवर्तन

मैं टकेश्वर साहू उम्र-35 वर्ष पिता-श्री कन्हैया साहू निवासी ग्राम सोंडरा चिखली थाना धरसींवा तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्कूल के दाखिला पंजी में मेरा नाम लंकेश्वर साहू पिता -कन्हैया साहू दर्ज है।

मेरे कक्षा पांचवीं के अंकसूची एवं समस्त सभी शैक्षणिक दस्तावेज, पैन कार्ड, आधार कार्ड क्रमांक 3176 6026 7229 में तथा अन्य दस्तावेजों में टकेश्वर साहू दर्ज है इस प्रकार से लंकेश्वर साहू एवं टकेश्वर साहू पिता-कन्हैया साहू यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति के अर्थात मेरे स्वयं के ही है।

यह कि मेरे बच्चों के शैक्षणिक दस्तावेज, अंकसूची एवं आधार कार्ड में मेरा नाम टकेश्वर साहू दर्ज है तथा मेरा समस्त पत्र व्यवहार टकेश्वर साहू के नाम से होता है तथा अब मुझे हमेशा हमेशा के लिए टकेश्वर साहू के नाम से जाना पहचाना एवं पुकारा जावें।

दिनांक : 16.07.2024

शपथकर्ता
टकेश्वर साहू

## आम सूचना

**वाके मौजा- ग्राम-बोरियाखुर्द, प.ह.नं.-118, तहसील व जिला - रायपुर छ.ग. स्थित ख.नं.- 265/ 140 रकबा 2275 वर्गफुट के संबंध में)**

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार श्रीमती जयंती देवांगन पति स्व. डीआर. देवांगन, पता-कृष्णा नगर, संतोषी नगर, रायपुर छ.ग. की ओर से सूचित करता हूं कि उपरोक्त वर्णित भूमि बाबत प्रवीण चन्द्राकर पिता शत्रुघन लाल चन्द्राकर, निवासी- बालाजी टेम्पल, आनंद नगर, रायपुर छ.ग. द्वारा मेरे पक्षकार के स्वामित्व की उक्त भूमि जो कि प्रवीण चन्द्राकर द्वारा ही विक्रय किया गया था जिस पर विवाद रहने के कारण उक्त भूमि का रकम वापस करने के लिये बुलवाकर मेरे पक्षकार को जानकारी दिये बिना भागीदार डीड का निष्पादन करा लिया जो जानकारी होने पर मेरे पक्षकार द्वारा विरोध किया गया था किंतु प्रवीण चन्द्राकर द्वारा बदनियति से मेरे पक्षकार के उक्त भूमि पर उक्त कथित भागीदार विलेख के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर को आवेदन देने पर मेरे पक्षकार द्वारा आपत्ति दर्ज करायी तदनुसार अतिरिक्त तहसीलदार महोदय ने प्रवीण चंद्राकर का नामांतरण आवेदन निरस्त कर दिया।

सर्वसाधारण सूचित हो कि मेरे पक्षकार के उपरोक्त वर्णित भूमि पर कोई भी क्रय-विक्रय, लेन-देन ना करें साथ ही कथित भागीदारी डीड को निरस्त किये जाने की कार्यवाही किया जाना है एवं प्रवीण चन्द्राकर भी उक्त कथित दस्तावेज के आधार पर कोई कार्यवाही करते है तो समस्त जिम्मेदारी प्रवीण चन्द्राकर का होगा, और तत्काल मेरे पक्षकार का रकम वापिस कर भागीदारी डीड को भी समाप्त करने की प्रक्रिया अपनाये।

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 09/07/2024

भवदीय
भोला साहू (अधिवक्ता)
कार्यालय श्री राधा-कृष्ण मंदिर परिसर प्रथम तल, एम्स गेट नं.-05 के सामने, टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.)
मो. नं. 87178-25383

## खबर संक्षेप



### बेटी बचाओ मंच ने किया पौधारोपण

**रायपुर।** बेटी बचाओ मंच टिकरापारा ने सरजूबांधा तालाब कब्रिस्तान के मैदान में पौधे रोपे, जिसमें आम, जामुन, आंवला, नीम, पीपल, नारियल सहित फूल व फलदार 31 पौधों का रोपण किया। मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने बताया कि कब्रिस्तान में आने वालों की सुविधा के लिए फलदार, छायादार तथा खुशबूदार फूलों वाले बड़े पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंजली यदु, सुप्रिया धुवारे, लता चंद्राकर, नीतू साहू, प्रीति मिश्रा सहित पदाधिकारी शामिल हुए।

### नया सवेरा समिति ने किया पौधारोपण




**रायपुर।** नया सवेरा जनकल्याण समिति रायपुर इकाई के सदस्यों ने 40 से 50 फलदार-छायादार पौधों का रोपण किया। समिति के सदस्यों ने बताया कि विश्व पर्यावरण संतुलन में अपना योगदान करते हुए फुंडहर एक्सप्रेस-वे, जो श्रीराम थोक सब्जी मंडी के पास रेलवे स्टेशन से राजिम रोड में जुड़ता है, में 40-50 पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह पूरे विश्व में पर्यावरण असंतुलन हो गया है। प्राकृतिक आपदाएं, वायु प्रदूषण के साथ शुद्ध ऑक्सीजन, फल मिलना मुश्किल हो गया है। हम सब प्रण करें कि एक पेड़ अपने पितृजनों की याद में जरूर लगाएं। पौधारोपण करने वालों में राजेंद्र साहू, राजा निर्मलकर, सुशील साहू, सेवक भाई, अमित गुप्ता, सुरेश भाई, गिरिश साटोने, चेतन साहू, विष्णु साहू आदि शामिल थे।

### एमआईसी की बैठक कल

**रायपुर।** नगर निगम की एमआईसी की बैठक 18 जुलाई को दोपहर 1 बजे गांधी सदन स्थित एमआईसी कक्ष में आयोजित है। महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 10 जोन से प्राप्त पेंशन प्रकरण, जनहित से जुड़े एजेंडों पर एमआईसी में चर्चा होगी। यह जानकारी नगर निगम के अपर आयुक्त व निगम सचिव विनोद ने पांडे दी।

## निधन

### योगेश शर्मा



**रायपुर।** समता कॉलोनी निवासी केंद्रीय सरकारी बैंक में कार्यरत योगेश शर्मा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे हरीश शर्मा के भाई व पुष्कर और पलाश के पिता थे।

### राजल दास चावला

**रायपुर।** गंगा विहार अमलीडीह निवासी राजल दास चावला का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 जुलाई को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे विशाल नचवानी के दादा और मनोज, महेश चावला के चाचा थे।

# एससी-एसटी को आरक्षण में प्रमोशन, जुटाएंगे क्वांटिफायबल डाटा, एससीएस की अध्यक्षता में कमेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य की सेवाओं में अनुसूचित जाति, जनजाति के शासकीय सेवकों को प्रमोशन में आरक्षण मामले को लेकर पिछली सरकार की गलतियों को सुधारने की प्रक्रिया अब शुरू हुई है। इस काम के लिए राज्य सरकार ने एससी-एसटी वर्ग के शासकीय सेवकों का क्वांटीफायबल डाटा (मात्रात्मक आंकड़े) जुटाने के लिए एससीएस की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया है।


### एसीएस पिंगुआ हैं अध्यक्ष

राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा गठित कमेटी में एसीएस मनोज कुमार पिंगुआ को अध्यक्ष बनाया गया है। इस कमेटी में सात अन्य सदस्य शामिल हैं। कमेटी के सदस्यों के नाम इस प्रकार हैं। अन्बलगन पी. सचिव सामान्य प्रशासन, नरेंद्र दुग्गा सचिव-आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास विभाग, चंदन कुमार विशेष सचिव सामान्य प्रशासन विभाग, पीएस एल्मा (सदस्य सचिव) संचालक आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, डॉ. अनिल कुमार विरूलकर अनुसंधान सहायक अधिकारी, आदमि जाति तथा अनुसूचित जनजाति अनुसंधान एं प्रशिक्षण संस्थान, अमर दास अनुसंधान सहायक आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान।

## पिंगुआ की अध्यक्षता में कमेटी, सात सदस्य भी शामिल

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश और संवैधानिक प्रावधान का पालन नहीं

प्रमोशन में आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व में ही फैसला दिया है कि राज्य एससी और एसटी कर्मचारियों को प्रमोशन में रिजर्वेशन देने से पहले मात्रात्मक डाटा जुटाने के लिए बाध्य हैं। बिना आंकड़े के नौकरियों में प्रमोशन में रिजर्वेशन नहीं दिया जा सकता है। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा था कि प्रमोशन में रिजर्वेशन देने से पहले राज्य सरकारों को आंकड़ों के जरिए ये साबित करना होगा कि एससी-एसटी का प्रतिनिधित्व कम है। वहीं इस मामले पर समीक्षा अवधि केंद्र सरकार की ओर से निर्धारित की जानी चाहिए।



### पूर्ववर्ती सरकार ने नहीं किया था डाटा कलेक्शन

*यह कमेटी दरअसल इसलिए बनाई गई है, क्योंकि पिछली सरकार ने जब पदोन्नति में आरक्षण देने की अधिसूचना जारी की थी, उस समय राज्य के एससी एसटी वर्ग के शासकीय सेवकों का क्वांटिफायबल डाटा एकत्र नहीं किया गया था। बाद में जब यह मामला अदालत में गया, तब छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने प्रमोशन में आरक्षण पर बड़ा फैसला सुनाते हुए 2019 में जारी राज्य सरकार के आदेश को निरस्त कर दिया था। इससे पहले कोर्ट ने राज्य द्वारा प्रमोशन में आरक्षण के लिए जारी अधिसूचना पर रोक लगाई थी। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा, जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की बेंच ने फैसला देते हुए याचिका निराकृत की थी। कोर्ट ने फैसले में कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने आदेश को लागू करने में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के निर्देशों और संवैधानिक प्रावधान का पालन नहीं किया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि प्रमोशन में आरक्षण देने के लिए हर विभाग से जातिगत डाटा एकत्रित कर केवल जिन्हें जरूरत है, उन्हीं एस-एसटी कर्मचारियों को इसका लाभ दिया जाना चाहिए, जबकि डाटा कलेक्ट करने का काम पूर्ववर्ती सरकार ने नहीं किया था।*


## भनपुरी, कुशालपुर बाजार चौक, चंगोराभाठा, ललित महल हाईवे के पास आवारा मवेशियों की धरपकड़

# आईटीएमएस पहुंचे निगम आयुक्त, सीसीटीवी कैमरों से आवारा मवेशियों की मानिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मवेशियों के झुंड मचा रहे उत्पात, धरपकड़ में नगर निगम अमला पस्त हरिभूमि में प्रकाशित खबर को नगर निगम प्रशासन ने संज्ञान में लिया है। खबर का असर बुधवार को देखने को मिला, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा खुद आईटीएमएस कक्ष पहुंचे। वहां उन्होंने सीसीटीवी कैमरों से शहरभर में आवारा मवेशियों की मानिटरिंग कर संबंधित जोन के अधिकारियों को संबंधित लोकेशन पर काउकेचर दस्ता भेजकर लोगों की परेशानी का सबब बने मवेशियों की धरपकड़ के निर्देश दिए। एक ही दिन निगम अमले ने शहरभर से 109 मवेशियों को पकड़कर गोठान भेजा। शहर के अंदरूनी मार्ग सहित बाजार क्षेत्र व व्यावसायिक इलाकों, वीआईपी मार्ग में मवेशियों के झुंड से आम आदमी को हो रही परेशानी और सदर जैसे पॉश इलाकों सहित डगनिया बाजार, आमापारा, शास्त्री बाजार सहित अन्य मार्गों में सांडों के उत्पात से शहरवासी त्रस्त रहे। मवेशियों के धरपकड़ अभियान की खानापूर्ति के कारण बड़ी संख्या में सड़क पर मवेशियों का झुंड शहरवासियों की चिंता का कारण बना हुआ है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने पहली बार दक्ष सेंटर से मंगलवार को शहर के विभिन्न मार्गो पर आवारा मवेशियों की मानिटरिंग की। निगम के हेल्थ वाट्सएप ग्रुप में लोकेशन और शिकायतों पर आयुक्त ने संज्ञान लिया और संबंधित क्षेत्र के स्वास्थ्य विभाग की टीम को काउकेचर वाहन के साथ स्पॉट पर भेजा। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही सहित सभी जोन के स्वास्थ्य अधिकारियों को आवारा मवेशियों के धरपकड़ अभियान में लगाया गया।

- एक दिन में 109 मवेशी पकड़कर गौठान भेजा



### इन स्थानों पर मवेशियों की धरपकड़

- शहीद भगत सिंह चौक से श्यामनगर मार्ग , गीता नगर भनपुरी
- देवपुरी मुख्य मार्ग से पकड़े 15 मवेशी, द्रोणाचार्य स्कूल मार्ग से लालपुर तक 4 मवेशी
- कुशालपुर बाजार चौक के पास दर्जन भर मवेशी, चंगोराभाठा मुस्कान रेसीडेंसी के पास 8 गाय
- ललित महल के सामने हाइवे मार्ग पर आधा दर्जन मवेशी, आदर्श विहार कालोनी में 5 गाय, 2 भैंस
- सुंदर नगर फुटबाल मैदान के पास दर्जन भर मवेशियों की धरपकड़
- गुढ़ियारी हमर अस्पताल से मंगलम भवन तक गायों का झुंड

### फुंडहर क्षेत्र में भारती डेयरी पर जुर्माना, डेयरी हटाने नोटिस

*नगर निगम जोन 9 ने फुंडहर के रहवासी क्षेत्र में संचालित भारती डेयरी पर 5 हजार रुपये का जुर्माना किया। गंदगी और प्रदूषण की शिकायत पर निगम अमले ने यह कार्यवाही की। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, जोन कमिश्नर संतोष पांडे के नेतृत्व में जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू की टीम ने डेयरी संचालक के मवेशियों को जब्त करने की कार्यवाही प्रारंभ की। इसी दौरान डेयरी संचालक ने स्वतः डेयरी को निगम सीमा क्षेत्र से बाहर शिफ्ट करने एक माह का समय मांगा। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ने उन्हें 1 माह के भीतर डेयरी हटाने का नोटिस दिया है।*

# कौशिल्या विहार में अवैध कब्जों पर चला बुलडोजर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लालपुर और कौशिल्या विहार में लगातार हो रहे अपराध से त्रस्त स्थानीय रहवासियों ने वार्ड पार्षद रवि ध्रुव के साथ मंगलवार को सेक्टर 5 केनाल रोड पर चक्का जाम किया। रहवासी वहां अवैध तरीके से किये गये अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर एकजुट हुए और घंटों नारेबाजी और धरना प्रदर्शन कर शासन का ध्यान आकर्षित कराया। दरअसल, बीती रात देवार डेरा के लोगों ने कुछ स्थानीय लोगों के साथ मारपीट की थी, जिसे लेकर वहां के लोगों में आक्रोश व्याप्त था। इसके बाद बस्ती वालों ने अतिक्रमण हटाने मंगलवार को कमल विहार सेक्टर 5 जाने वाले एंट्री पाइंट पर प्रदर्शन किया। पार्षद रवि ध्रुव ने कहा, वार्ड के 3 युवकों से मारपीट की गई, जिसमें से एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ। आए दिन लूटपाट और मारपीट की घटना से लोग परेशान थे। इसीलिए चक्काजाम और नारेबाजी कर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया। लोगों की शिकायत पर जिला प्रशासन ने पुलिस बल के साथ बेजा कब्जा को हटवाया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल स्पॉट पर मौजूद रहा।

- अवैध तरीके से अतिक्रमण, 10 से 15 अवैध कब्जे को हटाया
- वार्ड पार्षद के साथ स्थानीय लोगों ने सेक्टर 5 जाने वाली केनाल रोड पर किया चक्काजाम

# गड़बड़ी के आरोप पर निजी अस्पतालों ने दिया जवाब, परख रहे सत्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




आयुष्मान योजना के मरीजों का इलाज पैसे लेकर करने के मामले में जारी नोटिस का जवाब मिल गया है। इस योजना की निगरानी करने वाली टीम निजी अस्पतालों से मिले दस्तावेजों की सच्चाई परखने का काम कर रही है। काम पूरा होने के बाद रिपोर्ट स्टेट नोडल एजेंसी को सौंपी जाएगी। आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना में आने वाले मरीजों के इलाज के दौरान जुलाई के पहले सप्ताह में चार निजी अस्पतालों में 18.55 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया था। इस दौरान 17 नए अस्पतालों को नोटिस जारी कर उनके खिलाफ मिली शिकायतों पर जवाब मांगा गया था। अस्पतालों की ओर से अपना पक्ष और आरोपों से संबंधित दस्तावेज निगरानी करने वाली टीम को सौंप दिया गया है। कमेटी उनसे मिली जानकारी को क्रास चेक कर रही है। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि इसमें वक्त लग सकता है। सभी अस्पतालों के दस्तावेज की जांच पर तैयार रिपोर्ट स्टेट नोडल एजेंसी के अधिकारियों को दी जाएगी, जिसके आधार पर इन अस्पतालों पर कार्रवाई तय की जाएगी। स्टेट नोडल एजेंसी इस तरह की शिकायतों पर अस्पतालों के खिलाफ बड़ा अर्थदंड लगाने के साथ योजनाओं से निलंबन और बर्खास्तगी की कार्रवाई भी करती है। स्टेट नोडल एजेंसी द्वारा राजधानी के साथ प्रदेश के विभिन्न जिलों के बड़े अस्पतालों पर जुर्माना ठोक चुकी है। इसके पूर्व मई में 28 अस्पतालों को नोटिस जारी किया गया था और कुछ से फाइन भी वसूला गया था।

- 17 को जारी हुआ था नोटिस, जवाब के साथ मिले दस्तावेज

### प्रतिभावान छात्रों का सम्मान समारोह 29 को

**रायपुर।** नारायणी साहित्यिक संस्थान एवं चरामेति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में दसवीं कक्षा में अपने स्कूल में हिंदी विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को 29 जुलाई को 'स्व. टी. कृष्णवेणी स्मृति हिंदी श्रेष्ठ-सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन सभागार में शाम 4 बजे प्रारंभ होगा। संस्था के राजेंद्र ओझा ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थित साहित्यकार अपनी लघुकथा, लघु व्यंग्य, कविता आदि का पाठ भी करेंगे। उन्होंने शहर के साहित्यकारों से इस कार्यक्रम में उपस्थित होने का अनुरोध भी किया है।

### प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त

**रायपुर।** नगर निगम जोन-4 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मंगलवार को गोलबाजार की दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान दुकानों से करीब 70 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की गई। दुकानों में प्रतिबंधित पॉलीथिन रखने और गंदगी फैलाने वाले संबंधित दुकानदारों को चेतावनी देते हुए 3500 रुपए जुर्माना वसूला।




*नए सिस्टम से यात्रियों को हो रही परेशानियों को हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाया*

# 6 महीने में 200 से अधिक शिकायत के बाद अब रेलवे करेगा टेंडर रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे स्टेशन में पिक एंड ड्रॉप सिस्टम की शिकायतों से त्रस्त हो चुके रेलवे प्रशासन ने अब टेंडर रद्द करने का मन बना लिया है। जल्द ही वर्तमान टेंडर रद्द कर नए नियमों के साथ टेंडर किया जाएगा, जिससे यात्रियों को किसी भी प्रकार से दिक्कत नहीं होगी। हरिभूमि ने नए सिस्टम लागू होने के बाद से ही लगातार स्टेशन में यात्रियों को हो रही परेशानियों को उजागर किया है। पार्किंग कर्मचारियों की मनमानी की खबरें लगातार प्रकाशित होने के बाद अब रेलवे प्रशासन यात्रियों के हित में व्यवस्था में बदलाव करने जा रहा है। बता दें कि जनवरी में पिक एंड ड्रॉप सिस्टम का टेंडर हुआ था, जिसका मुख्य उद्देश्य रेलवे का राजस्व बढ़ाना था। यह सिस्टम यात्रियों के साथ रेलवे के लिए सिरदर्द बन गया। टेंडर के दौरान नए नियम बनाने के साथ कई ऐसे अधिकार भी पार्किंग ठेकेदार को दिया गया था, जो आरपीएफ से जुड़ा था। सिस्टम लागू होने के बाद नो पार्किंग में यात्रियों से पैसा वसूलना लोगों के बीच विवादों में आ गया। 6 महीने में यात्रियों की ओर से आरपीएफ, जीआरपी, स्टेशन प्रबंधक को लिखित, मौखिक व ट्विट के जरिए 200 से अधिक शिकायत पहुंची। रेलवे बोर्ड और जोन मुख्यालय तक भी लोगों ने परेशानी गिनाई, जिसके बाद जिला प्रशासन की मदद से सिस्टम को बेहतर करने का प्रयास किया गया, लेकिन रेलवे को इसमें भी सफलता नहीं मिली। हर शिकायत के बाद जांच और कार्रवाई के बाद भी सिस्टम को सुधारने में पूरा रेलवे अमला असफल रहा। नो पार्किंग, अवैध पर्ची और यात्रियों तथा पार्किंग कर्मचारी के हर दिन झगड़े की शिकायत कम नहीं हो रही थी। इसीलिए अब टेंडर ही रद्द किया जाएगा।

खबर का असर



### नियमों का नहीं हुआ पालन

*रेलवे ने पिक एंड ड्रॉप सिस्टम की शिकायतों को कम करने कई बदलाव किए। आरपीएफ, जीआरपी समेत टीटीई से भी मदद ली गई, लेकिन इसके बाद भी न सिस्टम सुधरा और न यात्रियों की शिकायत कम हुई। रेलवे ने पिक एंड ड्रॉप सिस्टम के लिए जो नियम तय किया था, उसका पालन नहीं हो पाया, जिसके कारण आए दिन रेलवे को शिकायत मिल रही थी। बता दें कि रेलवे ने पिक एंड ड्रॉप सिस्टम का ठेका तीन साल के लिए 6 करोड़ 12 लाख में दिया है, जबकि रेलवे ने 2 करोड़ 80 लाख ऑनलाइन टेंडर जारी किया था।*

### नो पार्किंग की सर्वाधिक शिकायत

*पिक एंड ड्रॉप सिस्टम में नो पार्किंग ठेकेदार द्वारा जुर्माना लेना शुरुआत से विवादों में रहा। बीते 6 महीने में सर्वाधिक शिकायत यात्रियों की ओर से नो पार्किंग को लेकर ही मिली है। पार्किंग कर्मचारी यात्रियों से जमकर पैसा वसूल रहे थे। इसके अलावा 7 मिनट से पहले बाहर निकलने पर पैसा वसूलने पर यात्रियों ने रेलवे को शिकायत की थी।*

### वैकल्पिक व्यवस्था के बाद

स्टेशन में वैकल्पिक व्यवस्था बनाने के बाद टेंडर रद्द कर नए टेंडर पर कार्य करेंगे। हमारा प्रयास है कि अच्छी व्यवस्था उपलब्ध कराएं, ताकि स्टेशन पहुंच रहे लोगों को किसी भी तरह से कोई दिक्कत न हो।

**- अवधेश कुमार त्रिवेदी,** सीनियर डीसीएम

# बारिश शुरू होते ही बढ़ी उल्टी-दस्त की शिकायत, महीनेभर में ढाई सौ प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारिश शुरू होते ही दूषित पानी के उपयोग से उल्टी-दस्त जैसी शिकायत बढ़ने लगी है। शहर की तुलना में ग्रामीण इलाकों में ज्यादा समस्या को देखते हुए ब्लाक स्तर पर निगरानी टीम का गठन किया गया है। रायपुर जिले में महीनेभर में डायरिया के ढाई सौ मामले सामने आए हैं और बीते सात माह में आंकड़ा एक हजार से अधिक है। बारिश के मौसम में उल्टी-दस्त की समस्या आम हो जाती है। खान-पान में होने वाली थोड़ी लापरवाही भी भारी पड़ जाता है। रायपुर जिले में पिछले महीनेभर में डायरिया की वजह से बीमार हुए 70 फीसदी लोग स्वास्थ्य केंद्रों में दवा लेकर ठीक हो चुके हैं, केवल तीस प्रतिशत लोगों को अस्पताल में भर्ती करने की आवश्यकता पड़ी है। जिले में जनवरी से लेकर अब तक का आंकड़ा एक हजार से अधिक हो चुका है, मगर किसी के लिए उल्टी-दस्त जानलेवा नहीं हुआ है। अभी बारिश की शुरुआत होने के बाद विकासखंड स्तर पर निगरानी टीम का गठन कर उन्हें क्षेत्र में बराबर निगरानी करने के आदेश दिए गए हैं। इस तरह की किसी भी घटना पर तत्काल इसकी सूचना मुख्यालय पर देने और प्रभावित इलाके में शिविर लगाकर राहत कार्य प्रारंभ करने की हिदायत दी गई है।



### नियमित निगरानी

बारिश के मौसम को देखते हुए लगातार निगरानी की जा रही है। डायरिया की शिकायत मिलने पर तत्काल शिविर लगाकर प्रभावितों का उपचार किया जा रहा है। लोगों को खानपान में सावधानी बरतने के बारे में जानकारी दी जा रही है।

**- डॉ. मिथिलेश चौधरी,** सीएमएचओ

## पेज 9 के शेष

### कागजों पर ही बैन...

को ग्राहक बनकर राजधानी रायपुर के कई दुकानों में पहुंची। दुकानदारों ने पिटबुल की कीमत 15 हजार से 60 हजार रुपये जोड़ी तक बताई। साथ ही कई शाप मालिक ने तो प्रतिबंधित रॉटविलर समेत कई ब्रीड के बड़े डॉग उपलब्ध कराये जाने का दावा भी किया।

उल्लेखनीय है कि वही खूंखार डॉग हैं जिनमें से एक प्रजाति पिटबुल ने दो दिनों पहले राजधानी रायपुर में एक ऑटो चालक को बुरी तरह से घायल कर दिया, जिसमें उक्त ऑटो चालक को 12 टांके आए।

तीसरा केस- राजधानी रायपुर के सिद्धार्थ चौक स्थित पेट्स नामक शॉप की है, जहाँ हरिभूमि आईएनएच न्यूज़ की टीम पहुंची। यहां हमने पिटबुल खरीदने की बात कही तो उन्होंने इस कुत्ते के साथ ही कई अन्य ब्रीड के पालतू कुत्ते उपलब्ध कराये जाने का दावा किया गया, जिसके लिए अलग अलग दाम भी बताए।

सवाल- क्या ये बच्चों के लिए खतरनाक हो सकते हैं ?

जवाब- हां ये कुत्ते बच्चों के लिए और मालिक के लिए भी खतरनाक होते हैं।

सवाल- वैक्सीन और अगर कोई बीमारी इनको होती है तो क्या इनका इलाज आसानी से उपलब्ध हो सकते हैं ?

जवाब- जी हां... आप जिस भी शहर में इन्हें रखेंगे वहां इनके लिए हम इलाज उपलब्ध करवा देते हैं।

सवाल- बिना देखे कुत्ते मंगाये जाते हैं और अगर वह पसंद नहीं आता है तो क्या ?

जवाब - आपको वीडियो पूरा दिखाया जायेगा पहले, साथ ही जो विडियो में है वैसा ही कुत्ता उपलब्ध कराया जायेगा, दूसरा कुछ आता है, या क्वालिटी खराब होती है तो उस स्थिति में वह वापस हो सकता है। आपको पूरा पैसा वापस मिल जाएगा।

### दूसरे राज्यों से रायपुर...

ऑटो चालक को घायल कर दिया। उक्त दुकानदार ने हमें ऑटो चालक को घायल करने वाला वीडियो भी दिखाया। दुकानदार का कहना था कि, छत्तीसगढ़ में तो इस प्रजाति के डॉग कम उपलब्ध होते हैं क्योकि यहाँ ब्रीडिंग नहीं होती। इसलिए वे पंजाब, इंदौर, भोपाल, दिल्ली जैसे बड़े शहरों से यहाँ पेट्स लाकर बेचते हैं।

### पिटबुल के हमले के...

का पंजीयन करने की कोई व्यवस्था काम कर रही। इसकी वजह से निगम का हेल्थ डिपार्टमेंट यह बता पाने की स्थिति में नहीं है कि शहरभर में कितने पालतू कुत्ते अब तक पंजीकृत हैं। दरअसल पिछले 20 साल से पालतू कुत्तों के पंजीयन का कार्य नगर निगम ने बंद कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक शहरभर में देशी-विदेशी नस्ल के करीब 20 हजार पेट डॉग का पालन किया जा रहा है। इसका रिकार्ड नगर निगम के पास उपलब्ध नहीं है। यानी किस इलाके में किसके यहां कौन सी प्रजाति का पालतू कुत्ता पाला जा रहा है, उसे एंटी रेबीज का इंजेक्शन लगाया गया या नहीं, इसकी अधिकृत जानकारी निगम के पास उपलब्ध नहीं है। निगम के अधिकारियों के मुताबिक 2011 की पशु संगणना के मुताबिक रायपुर शहर और धरसींवा क्षेत्र में 5,500 पालतू कुत्ते की संख्या रही, जो बढ़कर 20 हजार तक जा पहुंची है।

पहले होता था निगम से पंजीयन

शहर में दो दशक पहले तक नगर निगम से पालतू कुत्तों का पंजीयन अनिवार्य रूप से होता था। उस समय निगम के वेटनरी डिपार्टमेंट से यह काम होता था, पर काफी समय से यह सिस्टम को-लैप्स हो गया है। शहर के बढ़ते स्वरूप को देखते हुए देशी व विदेशी नस्ल के पालूतों के कुत्तों पर रोक लगाई जाये। शौकीन ऐसे कुत्तों को पाल तो लेते हैं, पर इसके प्रापर वेक्सीनेशन नहीं होने से लोगों को खतरा रहता है।

**- श्रीकुमार मेनन, वरिष्ठ एमआईसी मेंबर, नगर निगम रायपुर**

### अलर्ट, 19 से बन रहा...

का क्षेत्र दक्षिण छत्तीसगढ़ और उससे लगे विदर्भ के ऊपर स्थित है। इसके साथ वहां ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण भी दक्षिण-पश्चिम दिशा में झुकाव के साथ विस्तारित है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर जैसलमेर, कोटा, रायसेन, निम्न दाब का केंद्र, गोपालपुर और उसके बाद दक्षिण-पूर्व की ओर मध्य बंगाल की खाड़ी तक मौजूद है। इसके प्रभाव से अगले तीन दिन तक अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

### पीएससी भर्ती घोटाला...

वासनिक के निवास से लैपटॉप के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस तथा कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किया है। गौरतलब है कि वर्ष 2020 से 2023 के बीच पीएससी भर्ती में व्यापक पैमान पर भ्रष्टाचार होने के आरोप में राज्य सरकार की अनुशंसा पर सीबीआई मामले की जांच कर रही है। सीबीआई इस पूरे मामले में अर्जुंदा तथा बालोद थाना में दर्ज एफआईआर की कॉपी को आधार बनाकर जांच कर रही है। इसके साथ ही पीएससी के निचले स्तर से लेकर क्लर्क स्तर के कर्मियों से मंगलवार को पीएससी कार्यालय में पूछताछ की।

आंसर शीट की फोरेंसिक जांच

पीएससी की 2020 और 2021 के डिप्टी कलेक्टर-डीएसपी की भर्ती परीक्षा में चयनित विवादित उम्मीदवारों की प्रीलिम्स और मेंस की आंसरशीट की सीबीआई फोरेंसिक लैब भेजकर जांच कराएगी। इसके साथ ही जांच एजेंसी यह पता लगाने की कोशिश में है कि आंसरशीट में रोल नंबर और प्रश्नों के जवाब अलग-अलग समय में तो नहीं लिखे गए हैं। साथ ही उम्मीदवारों की हैंडराइटिंग की भी सीबीआई विशेषज्ञों से जांच करा सकती है। सूत्रों के मुताबिक 18 चयनित उम्मीदवारों से सीबीआई की टीम पूछताछ करेगी।

### बिजली कंपनी में फर्जी...

पर छत्तीसगढ़ बिजली विभाग भर्ती 2024 के नाम से फर्जी जानकारी साझा की जा रही है, यह पूरी तरह भ्रामक है। श्री वर्मा ने कहा, इस तरह के फर्जी व भ्रामक विज्ञापन के झांसे में न आएं। किसी के द्वारा इसे लेकर पैसे मांगे जाते हैं तो पुलिस में शिकायत करें। पॉवर कंपनी में सभी भर्तियां विधिवत प्रक्रिया के तहत पूरी की जाती है, जिसके लिए समाचार पत्रों में अधिकृत विज्ञापन किए जाते हैं।

**खबर संक्षेप**

### माथुर को दपूमरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का प्रभार



**रायपुर।** समीर कांत माथुर ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का पदभार मंगलवार को विकास कुमार कश्यप से ग्रहण किया। श्री कश्यप की पदस्थापना परिचालन विभाग, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में की गई है। श्री माथुर भारतीय रेलवे इंजीनियरिंग सेवा (आईआरएसई) के 2011 बैच के अधिकारी हैं। वे वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में बतौर उप महाप्रबंधक (सा.) पदस्थ हैं, साथ ही मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का कार्यभार भी देखेंगे।

### शराब तस्करी करते दो तस्कर पकड़े गए



**रायपुर।** शराब की अवैध बिक्री रोकने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। मंदिर हसौद थाने के ग्राम कुरूद के समीप डिगेंद्र धीवर उर्फ डिग्गी तथा घनश्याम उर्फ गोलू धीवर को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के पास से साढ़े पांच हजार रुपए कीमती देशी शराब और उसकी तस्करी के लिए उपयोग में लाई जा रही बाइक को जब्त किया है। दोनों के खिलाफ 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### प्रवीण को पीएचडी



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने प्रवीण कुमार यादव को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनका शोध का विषय हिंदी में समकालीन हिंदी कवयित्रियों में प्रतिरोध के स्वर था। उन्होंने अपना शोध कार्य शासकीय नवीन महाविद्यालय गुढ़ियारी की सहायक प्राध्यापिका डा. वंदना कुमार के निर्देशन में पूर्ण किया।

# प्रवासी टाइगर को रेडियो कॉलर लगाने के लिए कुमकी हाथी लाने देने होंगे 15 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

राज्य के घने तथा वन्यजीवों के अनुकूल वनक्षेत्र बारनवापारा अभयारण्य में चार माहव पूर्व महासमुंद के रास्ते पहुंचे प्रवासी बाघ को रेडियो कॉलर लगाने कवायद की जा रही है। बाघ को रेडियो कॉलर लगाने के पहले उसे ट्रैंक्यूलाइज कर बेहोश करना होगा। बाघ को नियंत्रण में करने के लिए छह कुमकी हाथियों की जरूरत पड़ेगी। वर्तमान में वन विभाग के पास पांच कुमकी हाथियों के साथ दो पालतू हाथी हैं। इनमें से एक मादा हाथी गर्भवती है, दूसरी मादा हाथी ने एक शावक को जन्म दिया है। एक अन्य नर हाथी का दांत टूटा हुआ है, जबकि एक अन्य नर हाथी मद में है। इस बात को ध्यान में रखते हुए वन अफसर कान्हा टाइगर रिजर्व से चार कुमकी हाथी लाने की कोशिश में जुटे हुए हैं।

गौरतलब है कि मार्च के पहले सप्ताह में महासमुंद के रास्ते बाघ पहुंचने की जानकारी मिलने के बाद वन अफसर सतर्क हो गए। वन अफसरों की पहली प्राथमिकता बाघ को सुरक्षा प्रदान कर उसे जाने के लिए सुरक्षित पास देना था। बाघ के यहां एक महीने से ज्यादा समय तक रुकने बाद बाघ यहां स्थायी रूप से रहे, इसके लिए कार्ययोजना बनानी शुरू की। इसके लिए एक्सपर्ट की राय भी ली गई। बाघ यहां स्थायी रूप से रहे, इसके लिए वन अफसर एक मादा बाघ की तलाश में जुटे हुए हैं।

**बारिश के चलते बाघ की निगरानी के लिए चलाया जा रहा अभियान धीमा पड़ा**

#### छत्तीसगढ़ के कुमकी से कैसे करेंगे नियंत्रण

वन विभाग के पास वर्तमान में तीरथ राम, दुर्योधन, गंगा, योगलक्ष्मी तथा पुरुषोत्तम नाम का कुमकी हाथी है। इनमें से तीरथ मद में है, दुर्योधन का दांत टूटा हुआ है, जिसका इलाज चल रहा है। गंगा ने शावक को जन्म दिया है, जबकि योगलक्ष्मी गर्भवती है। दो पालतू हाथी राजू तथा लाली में से राजू को बारनवापारा में लाया गया है। लाली को पेट्रोलिंग के लिए एटीआर में रखा गया है। सोनू नामक नर हाथी तमोर पिंगला में है। एक अन्य सिविल बहादुर की मौत हो चुकी है। हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार सिविल बहादुर तथा सोनू को साथ में रखने का आदेश दिया गया था। आदेश के विपरीत सिविल बहादुर को एटीआर में तथा सोनू को तमोर पिंगला में रखा गया है।



#### कुमकी के बदले मांगे 15 लाख रुपए

जानकारी के मुताबिक कान्हा टाइगर रिजर्व के अफसरों से राज्य के वन अफसरों ने चार कुमकी हाथी की मांग की, तो कान्हा के अफसरों ने कुमकी हाथी देने के बदले 15 लाख रुपए देने की मांग की है। हालांकि इस संबंध में दोनों राज्यों के वन अफसरों के बीच केवल मौखिक बातचीत हुई है। लिखित में कुछ नहीं हुआ है।

#### रेडियो कॉलर लगाने देर से विचार

बाघ की निगरानी करने रेडियो कॉलर एक बड़ा विकल्प है। वन अफसरों तथा एक्सपर्ट की बैठक में बाघ को रेडियो कॉलर लगाने पर सहमति बनी। रेडियो कॉलर लगाने सहमति बनने के बाद भी वन अफसर रेडियो कॉलर लगाने मई के अंतिम सप्ताह तक कोई ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच पाए। बारिश शुरू होने तथा जंगल में पानी होने की वजह से वर्तमान में रेडियो कॉलर लगाना संभव नहीं है। बारिश शुरू होने के पहले रेडियो कॉलर लगाने से बाघ के मूवमेंट के बारे में आसानी से जानकारी मिलती रहती।

## समस्या : देर रात तक चलेगा सुधार कार्य, लाखों लीटर पानी बह गया

# टंकी का वॉल्व हुआ खराब, मोतीबाग इलाके में घुटनों तक लबालब पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के मोतीबाग स्थित जोन-4 कार्यालय परिसर में स्थित पानी टंकी का वॉल्व मंगलवार देर शाम को बैठ गया। इसके कारण लाखों लीटर पानी बह गया, जिससे जोन कार्यालय परिसर से लेकर तक्षशिला भवन, प्रेस क्लब परिसर, मोतीबाग सहित आसपास के इलाके में घुटनों तक पानी भर गया। पानी का भराव इतना ज्यादा था कि तक्षशिला पहुंचे कई बच्चे भी परिसर में काफी देर तक फंसे रहे।

इधर जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र का कहना है कि टंकी का वॉल्व खराब हो गया है, जिसे सुधारना आवश्यक है। इसे सुधारने के लिए टंकी का पानी खाली कराया जा रहा है। रात करीब 12 बजे तक टंकी खाली हो जाने के बाद वॉल्व सुधारकर टंकी को फिर भरा जाएगा, ताकि दूसरे दिन इस वार्ड के लोगों को पानी को लेकर किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार शाम जोन-4 कार्यालय पानी टंकी से पानी सप्लाई करने के बाद अचानक टंकी का वॉल्व बैठ गया। इसके कारण पानी लीकेज होने लगा। पानी लीकेज होते देख निगम कर्मचारियों ने इसकी जानकारी विभाग के अधिकारियों को दी, जिसके बाद अधिकारियों ने तत्काल दो इंजीनियरों को वॉल्व ठीक कराने की ड्यूटी लगाई है। दोनों इंजीनियर टंकी का पानी खाली करा रहे हैं। बताया जा रहा है कि मुहर्रम त्योहार को देखते हुए विभाग ने पानी टंकी को रातों-रात ठीक कराकर फिर से भरने के निर्देश दिए हैं। पानी टंकी खाली कराने के कारण जोन कार्यालय के आसपास के कई इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया, जिसके कारण आम लोगों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ा।



#### दो इंजीनियरों की मौजूदगी में सुधार कार्य

वॉल्व सुधारने के लिए टंकी को खाली कराया जा रहा है। यह काम देर शाम से चल रहा है, जो देर रात तक चलेगा। टंकी खाली होने के बाद ही वॉल्व को सुधारा जाएगा। इसके लिए दो इंजीनियरों को तैनात किया गया है, जो रातभर में वॉल्व सुधारने के साथ टंकी को फिर से भरने का काम कराएंगे।

#### जोन कमिश्नर ने कहा- मुझे जानकारी नहीं

इधर इस मामले में जोन कमिश्नर महेश राकेश शर्मा से जब मोबाइल पर हरिभूमि ने संपर्क कर जानकारी लेनी चाही तो उन्होंने कहा कि इस बारे में उन्हें जानकारी नहीं है। वे पता करके बताते हैं।

## कर-कानून संबंधी जानकारी के लिए सीए से ले सकते हैं सलाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के दो लोग हुए शामिल

इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट ऑफ इंडिया द्वारा भारत मंडपम प्रगति मैदान नई दिल्ली में इनसॉल्वेंसी एवं वैल्यूएशन पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें देश के 20 राज्यों से प्रतिनिधि हिस्सा लेने आए थे, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 10 देशों से भी लोग हिस्सा लेने पहुंचे थे।

रायपुर शहर से इंस्टिट्यूट की रायपुर शाखा के अध्यक्ष धवल शाह एवं पूर्व अध्यक्ष रवि ग्वालानी को सेशन मॉडरेटर के तौर पर विशेष आमंत्रण दिया गया था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धवल शाह एवं रवि ग्वालानी ने कहा, यह हमारे प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि इतने बड़े अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश के दो लोगों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है। इससे हमारे प्रदेश के युवाओं में एक अच्छा संदेश जाएगा कि अगर आप सच्चे मन और सच्ची निष्ठा से अपनी संस्था के लिए काम कर रहे होते हैं तो आपको बड़े आयोजन में विशेष तौर पर संबोधन देने के लिए आमंत्रित किया जा सकता है। श्री ग्वालानी ने आगे कहा कि इस तरह के आयोजन बहुउद्देशीय होते हैं। पहला, इंस्टिट्यूट के सदस्यों को नए कानूनी प्रावधान से संबोधित करना, दूसरा, सरकार को संदेश पहुंचाना कि इंस्टिट्यूट अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर रहा है और तीसरा, समाज में संदेश पहुंचाना कि अगर किसी व्यक्ति को कोई कर या कानून संबंधी जानकारी चाहिए तो वो देश में कार्यरत किसी भी चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के पास जाकर सलाह ले सकते हैं। इस आयोजन में इनसॉल्वेंसी बैंकरप्सी बोर्ड के पदाधिकारी, कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल के सदस्य, इंस्टिट्यूट के काउंसिल सदस्य एवं बहुतायत में चार्टर्ड एकाउंटेंट एवं वैल्यूएशन एक्सपर्ट्स उपस्थित थे।

## डेढ़ सौ चाकूबाज थाने तलब, दी चेतावनी

**रायपुर।** शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बदमाशों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत डेढ़ सौ पुराने चाकूबाजों को विभिन्न थानों में तलब किया गया। बदमाशों की परेड लेने के बाद उन्हें किसी भी तरह के अपराध नहीं करने की चेतावनी दी गई। उन्हें इस चेताया गया है कि शहर में कानून व्यवस्था भंग नहीं होनी चाहिए अन्यथा उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान आठ चाकूबाजों को खिलाफ आर्म्स एक्ट तथा 40 के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई।



## प्लान बदलकर इस बार चोरी की बाइक में शूटआउट करने पहुंचे शूटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में पीआर ग्रुप के ऑफिस के बाहर शूट आउट की घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों के बारे में पुलिस को अब तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। पुलिस को केवल इतनी जानकारी मिल पाई है कि बदमाश चोरी की बाइक से घटना को अंजाम देने रायपुर पहुंचे थे। साथ ही पुलिस अब तक यह तय नहीं कर पाई है कि चोरी की बाइक से एक शूटर पहुंचा था या दोनों शूटर एक साथ आए थे। छद्म नाम वाले गैंगस्टर मयंक सिंह जो सोशल मीडिया में मैसेज वायरल कर रहा है, इसके लिए पुलिस मयंक जिस सोशल मीडिया अकाउंट से मैसेज कर रहा है, उस अकाउंट की पुलिस की साइबर सेल आईपी एड्रेस ट्रेस करने की कोशिश में जुटी हुई है।

■ तीन दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली, शूटरों के बारे में नहीं मिली जानकारी

**हरिभूमि फॉलोअप**

पुलिस के अनुसार अमन साव तथा मयंक सिंह द्वारा संचालित गैंग से जुड़े बदमाश पहली बार किसी शहर में वारदात करने अपने राज्य से बाइक चोरी कर यहां पहुंचे थे। इसके पूर्व इस गैंग के बदमाशों ने जिन शहरों में घटना को अंजाम दिया है, उन शहरों में पहले बाइक चोरी करते थे। उसके बाद घटना को अंजाम देते थे। यह पहला अवसर है, जब बदमाश झारखंड, रांची से बाइक चोरी करने के बाद यहां घटना को अंजाम देने के लिए पहुंचे।





#### गैंग का फोकस छत्तीसगढ़ के कारोबारियों पर

पुलिस के अनुसार राज्य के एक दर्जन से ज्यादा बड़े कारोबारी समूह वर्तमान में झारखंड में कोल तथा सड़क निर्माण का कार्य कर रहे हैं। झारखंड में काम कर रहे कारोबारी समूह से अमन साव का गिरोह लेवी वसूलने के साथ ही रोड निर्माण में पेटी कांट्रैक्टर का ठेका देने दबाव बना रहे हैं। इसी के चलते अमन साव गैंग के बदमाश चौथी दफा छत्तीसगढ़ में दहशतत फैलाने के उद्देश्य से पहुंचे हैं। इसके पूर्व बदमाश 30 सितंबर 2022 कोरबा में आरकेटीसी ग्रुप के बाहर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। दूसरी दफा रायपुर में 11 फरवरी 2023 को आरकेटीसी ग्रुप के शंकर नगर स्थित ऑफिस के बाहर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। तीसरी दफा 11 जून 204 को बदमाश घटना को अंजाम देने के पहले दबोचे गए। तीसरी दफा 13 जुलाई को घटना को अंजाम दिया है। पूर्व की तीनों घटना में शामिल बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

#### जांच झारखंड में टिकी

शूट आउट की घटना में अब तक झारखंड कनेक्शन आने के बाद पुलिस की अलग-अलग तीन टीम झारखंड रवाना की गई है। झारखंड में पुलिस अफसरों के साथ मिलकर स्थानीय पुलिस जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है कि अमन साव झारखंड की किन-किन जेलों में बंद था। अमन जिन जेलों में बंद था, वहां उसने किन-किन बदमाशों को अपने गैंग में शामिल किया और जो बदमाश अमन के गैंग में शामिल हुए, वो कब जेल से छूटे हैं और उनका वर्तमान लोकेशन क्या है। पुलिस इसकी जानकारी एकत्रित कर रही है।

**बिजनेस साइट**

### उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में निशुल्क 'डायबिटीज फुट क्लीनिक' 20 को



**रायपुर।** मधुमेह (शुगर) रोग एक ऐसा जहर है जिसका दुष्प्रभाव समय के साथ पूरे शरीर में दिखने लगता है। रक्तधमनियों में मधुमेह के कारण होने वाली रुकावटों से पैरों में होने वाले छोटे घाव भी सड़न का रूप ले लेते हैं, जिसे डायबिटिक फुट कहते है। अतः मधुमेह रोगियों, जिन्हें पैरों में झनझनाहट, पैरों में सुन्नपन या पैरों के जोड़ों में तिरछापन हो रहा है तो भाठागांव स्थित उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में 20 जुलाई को 'डायबिटिक फुट क्लीनिक' में पैरों की निशुल्क जांच अत्याधुनिक मशीनों द्वारा करा सकते हैं।

उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. विनोद सिंह ने बताया कि यह मशीनें मधुमेह के कारण पैरों में होने वाली सभी प्रकार की समस्याओं की जांच करती है। उन्होंने आगे कहा कि वह मरीज जो सालों से मधुमेह की समस्या से ग्रसित हैं, उन्हें इस निशुल्क सुविधा का लाभ लेना चाहिए, जिससे डायबिटिक फुट की समस्या से बचा जा सके।

### कोलंबिया कॉलेज के छात्राध्यापकों ने किया सामुदायिक गतिविधि का आयोजन





**रायपुर।** कोलंबिया कॉलेज के छात्राध्यापकों ने 'विश्व पेपर बैग दिवस' के अवसर पर ग्राम पंचायत बरबंदा के सरपंच जितेंद्र कुमार पटेल के सहयोग से सामुदायिक गतिविधि का आयोजन किया। इस आयोजन का विषय 'पॉलिथीन बैग का उपयोग बंद करें' पर था। छात्राध्यापकों ने प्लास्टिक बैग के उपयोग को बंद करने के विषय पर एक जागरूकता रैली निकाली। इस रैली का मुख्य उद्देश्य था, ग्रामवासियों को प्लास्टिक बैग के उपयोग को बंद करने और इसके हानिकारक प्रभावों के बारे में जानकारी देना।

### भास्करा पब्लिक स्कूल में मनाया गया 'ग्रीन डे'





**रायपुर।** भास्करा पब्लिक स्कूल की दोनों शाखाओं चंगोराभाठा और शीतला विहार अम्लेश्वर में ग्रीन डे मनाया गया, जिसमें विद्यार्थियों को हरे रंग और उसकी महत्ता बताई गई। प्रकृति से हरे रंग के संबंध बताने के लिए गीत, नृत्य, नाटक, फैंसी ड्रेस, चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। सभी बच्चे हरे रंग के परिधान पहनकर आए। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशक एवी प्रतिभा ने पर्यावरण और उसके संरक्षण के संबंध में विद्यार्थियों को विस्तार से बताया। कार्यक्रम के अंत में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

### एचएम पैरामेडिकल एंड अलाइड हेल्थ इंस्टीट्यूड का शुभारंभ



**रायपुर।** शहर के विश्वसनीय हॉस्पिटल एचएम द्वारा विगत कई वर्षों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में एचएम पैरामेडिकल एंड अलाइड हेल्थ इंस्टीट्यूड का भव्य शुभारंभ अम्लेश्वर में किया गया। संस्थान के संचालक डॉ. विकास ने बताया कि हेल्थ सेक्टर्स में लगातार बढ़ती आवश्यकताओं और उत्कृष्ट हेल्थ वर्कर्स की नई पीढ़ी तैयार करने के उद्देश्य से एचएम हॉस्पिटल के द्वारा एचएम पैरामेडिकल एंड अलाइड हेल्थ इंस्टीट्यूट का शुभारंभ किया गया। इस इंस्टीट्यूट में 2 एवं 3 वर्षीय पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को पढ़ाया जाएगा। इसमें 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थी एडमिशन प्राप्त कर सकते हैं। इस इंस्टीट्यूट में प्रमुख रूप से फिजियोथेरपी, हॉस्पिटल मैनेजमेंट, पेशेंट केयर मैनेजमेंट, रेडियोलॉजी आदि पाठ्यक्रम संचालित किया जाएगा।

### मैट्स यूनिवर्सिटी ने आउटरीच कार्यक्रम



**रायपुर।** विकसित भारत डिजिटल साक्षरता पहल के हिस्से के रूप में मैट्स यूनिवर्सिटी ने अकोली कला गांव में एक आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल साक्षरता को बढ़ाना और ग्रामीणों के बीच प्रौद्योगिकी के लाभों को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में अकोली कला गांव के सरपंच, अकोली कला स्कूल के प्रधानाध्यापक सहित कई प्रतिष्ठित अतिथि और संकाय सदस्य उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का समन्वय और प्रबंधन अमित साहू, हेमलता पटेल और दिग्विजय सिंह द्वारा किया गया था। मैट्स स्कूल ऑफ आईटी के संकाय सदस्यों ने छात्रों के साथ बुनियादी कंप्यूटर कौशल, इंटरनेट उपयोग और डिजिटल साक्षरता के महत्व पर इंटरेक्टिव सत्र आयोजित किए।

## गांजा तस्करी के दो आरोपियों को 10-10 साल कैद, एक लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अभनपुर थाना क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व गांजा तस्करी के आरोप में पकड़े गए चार आरोपियों में से दो आरोपियों को 10-10 वर्ष कैद तथा एक-एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई है। घटना में शामिल एक आरोपी की मौत हो चुकी है तथा एक आरोपी अब तक फरार है। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस कोर्ट में हुई है।



■ डीआरआई ने चार वर्ष पूर्व की थी कार्रवाई

लोक अभियोजक विनोद भारत के मुताबिक कोर्ट ने गांजा तस्करी करने के आरोप में बिहार, समस्तीपुर निवासी विकास कुमार राय, राजनांदगांव निवासी अमृत कुमार साहू को कैद की सजा सुनाई है। घटना में शामिल पंकज कुमार की मौत हो चुकी है एवं संजय यादव फरार है। डीआरआई ने चार आरोपियों को अभनपुर के पास 11 नवंबर 2020 को कंटेनर में गांजा तस्करी करते गिरफ्तार किया था। आरोपियों के कब्जे से सात क्विंटल के करीब गांजा जब्त किया गया था। आरोपी ट्रक में गुप्त स्थान बनाकर गांजा तस्करी कर रहे थे। पुलिस ने तस्करों के कब्जे से कई नंबर प्लेट भी जब्त किए थे। तस्कर बार्डर आने पर नंबर प्लेट बदल देते थे।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 17 जुलाई 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



शेर का वेश धरने मुहर्रम पर कारीगरों....

## एजूकेशन अपडेट

### व्यापम ने विभिन्न पदों के लिए लिखित भर्ती परीक्षा की संभावित तिथियां जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा विभिन्न पदों की भर्ती परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन व्यापम की वेबसाइट पर आमंत्रित किए गए थे, जिसके लिए लिखित भर्ती परीक्षा के लिए संभावित तिथियां घोषित कर दी गई हैं। इनमें सहायक ग्रेड-3, एचएजी-23 छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के लिए 28 जुलाई को सुबह, प्रयोगशाला सहायक, एफडीएलटी-24 राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला के लिए 25 अगस्त सुबह एवं प्रयोगशाला तकनीशियन, एफडीएलटी-24 राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला के लिए 25 अगस्त संध्या को परीक्षा आयोजित की जाएगी।

#### अनुसूचित जाति विकास की परीक्षा 15 को

*इसी तरह छात्रावास अधीक्षक, टीएचएस-24 श्रेणी 'द' आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास की परीक्षा 15 सितंबर सुबह, प्रयोगशाला तकनीशियन, एचईएलटी-24 उच्च शिक्षा संचालनालय 29 सितंबर सुबह, मत्स्य निरीक्षक (एफएफआई-24) संचालनालय मछली पालन विभाग 29 सितंबर संध्या, सहायक सांख्यिकी अधिकारी (केएएसएल-23) संचालनालय कृषि की परीक्षा 20 अक्टूबर सुबह एवं प्रयोगशाला सहायक (केएएसएल-23) संचालनालय कृषि की परीक्षा 20 अक्टूबर संध्या को आयोजित की जाएगी।*

## पशु चिकित्सकों की सलाह- पिटबुल श्वान को छोटे घर में रखना खतरनाक, छोटी उम्र से ट्रेनिंग जरूरी

# आकाशीय बिजली की आवाज से पेट्स होने लगते हैं चिड़चिड़े बारिश में हर दिन बाहर घुमाएं, बीमारी से बचाने हाईजीन जरूरी

राजधानी में बीते दिनों अनुपम नगर में दो पिटबुल श्वान ने एक ऑटो चालक पर हमला कर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया था। यह घटना अब शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है। आमतौर पर पिटबुल श्वान जैसे विदेशी नस्ल को विशेष ट्रेनिंग दी जाती है, ताकि किसी व्यक्ति पर बिना निर्देश के अटैक न करें, लेकिन बदलते मौसम के साथ श्वान के व्यवहार में भी बदलाव आते है, जिसका विशेष ध्यान नहीं देने पर यह चिड़चिड़े होने के साथ आक्रामक भी हो जाते हैं।

**रायपुर।** इसी संदर्भ में हरिभूमि ने पशु चिकित्सकों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि आज लोग पिटबुल, रोड व्हीलर जैसी विदेशी पेट्स को घर में रखने लगे हैं, जबकि ऐसे श्वान फार्म हाउस जैसी बड़ी व खुली जगहों पर रखना होता है, ताकि खूब को कंफर्टेबल महसूस कर सकें। छोटी जगहों पर ऐसे श्वान बहुत जल्द चिड़चिड़े स्वभाव के हो जाते हैं। पशु चिकित्सक डॉ. पंकज देवांगन ने बताया कि बारिश होने से कई बार लोग पेट्स को बाहर टहलाने के लिए नहीं ले जाते हैं। अगर ऐसा एक दिन से भी अधिक हो रहा है तो ऐसी स्थिति में कोई भी पेट्स को उसका स्वभाव बदलने लगेगा। हर मौसम में श्वान का नेचर अलग होता है। बारिश में उमस जैसी गर्मी में कुत्तों को काफी ज्यादा गुस्सा आता है। डॉग बाइट के मामलों में भी इजाफा होता है। इस वजह से भी ठंड और गर्मी के मौसम की तुलना में डॉग बाइट के मामले मानसून में बढ़ जाते हैं। इंसानों की तरह पेट्स को भी इस गर्मी में झुंझलाहट होती है। टेम्प्रेचर बढ़ने की वजह से जल्दी गुस्सा हो जाते हैं और एक-दूसरे से झगड़ने लगते हैं।



### बिजली की गड़गड़ाहट से आता है चिड़चिड़ापन

चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी के बाद बारिश का मौसम हर किसी को भाता है, लेकिन इस मौसम में बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। पशु चिकित्सक के मुताबिक, कुत्तों के कान उनकी इंद्रियों की तरह सेंसिटिव होते हैं। यही वजह है कि तूफान, आकाशीय बिजली की आवाज से वह डरा हुआ और चिड़चिड़ा महसूस करते हैं। बारिश के मौसम में नमी की वजह से टिक्स और पिस्सू तेजी से ग्रो करते हैं, जिससे पेट्स को कई खतरनाक बीमारियां हो सकती हैं।आमतौर पर पालतू जानवरों को टिक्स की वजह से बुखार, जबकि पिस्सू के काटने से स्किन एलर्जी की समस्या होती है।




### बारिश में मौसम में सूखी जगह पर रखें श्वान

पशु चिकित्सकों का मानना है कि बारिश में पेट्स को संक्रमण की समस्या बढ़ जाती है। अगर स्वस्थ नहीं है तो स्वाभाविक है, स्वभाव में बदलाव आएगा। आमतौर पर पेट्स के शरीर के उन हिस्सों में फंगल इन्फेक्शन होता है, जहां मॉइस्चर बना रहता है। जैसे पंजे की उंगलियों के बीच का हिस्सा। बारिश के मौसम में नमी की वजह से यह समस्या अधिक हो जाती है। फंगल इन्फेक्शन की वजह से स्किन के रंग में बदलाव आ सकता है या स्मैल आ सकती है। इसलिए ऐसे मौसम में अपने पेट्स को सूखी जगह पर रखें। बारिश में भीगने के बाद उन्हें तुरंत अच्छे से सुखाएं। पंजों के आसपास नमी न रहने दें, क्योंकि पंजा जमीन के सीधे संपर्क में आता है। जो वायरस, बैक्टीरिया और फंगस का कारण बनता है।

### युवाओं की पहली पसंद जर्मन शेफर्ड

पेट्स बाजार में इन दिनों सबसे अधिक मांग लैब्राडोर और जर्मन शेफर्ड डॉग की है। इसकी कीमत 10 हजार से 25 हजार तक है। इसकी खास बात यह है कि इन्हें रखने में घर में ज्यादा जगह की जरूरत नहीं पड़ती और बच्चों को इनके साथ खेलने में भी सहूलियत होती है। इसलिए ये डिमांड में हैं। इसके अलावा टीनएज के युवा जर्मन शेफर्ड को घर का सदस्य बना रहे हैं। दोनों ही डॉग समझदार होते है। इसका स्वभाव शांत होता है।



### पिटबुल पालने से पहले दी जा रही ट्रेनिंग

*विदेशी नस्ल के डॉग से घर के सदस्यों और अन्य लोगों नुकसान न हो, इसलिए पेट्स संचालक पिटबुल और जर्मन शेफर्ड के अलावा लैब्राडोर डॉग खरीदने पर उन्हें पहले 20 दिनों की ट्रेनिंग दी जा रही है, जिसमें उन्हें डॉग के साथ परिवार के सदस्यों को किस तरह रहना है, तबीयत खराब होने के संकेत और खाने का समय और वॉक पर ले जाते समय आवश्यक सावधानी के बारे में बताया जाता है। ट्रेनिंग में सदस्यों को बताया जा रहा है कि अगर डॉग मांसाहारी है या शाकाहारी डाइट देकर भी रखा जा सकता है। इसके अलावा डॉग को कभी अकेले न छोड़ें। उन्हें समय देने से वह परिवार के सदस्यों जैसा व्यवहार करने लगता है। पिटबुल सबसे घातक कुत्ते की नस्ल है। बाजार में इसकी कीमत 20 हजार से 60 हजार तक बताई जा रहा है।*

## जॉब अलर्ट

### इंडियन आर्मी शॉर्ट सर्विस कमीशन भर्ती के लिए आवेदन प्रकिया शुरू, 14 अगस्त को अंतिम तिथि



**रायपुर।** भारतीय सेना की ओर से शॉर्ट सर्विस कमीशन,एसएससी टेक के लिए नोटिफिकेशन जारी कर भर्ती का ऐलान किया गया है। अधिसूचना जारी होने के साथ ही इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 16 जुलाई 2024 से शुरू हो गई है, जो निर्धारित अंतिम तिथि 14 अगस्त तक जारी रहेगी।भर्ती में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी एप्लिकेशन फॉर्म इंडियन आर्मी की ऑफिशियल वेबसाइट joinindianarmy.nic.in पर जाकर भर सकते हैं। फॉर्म भरने से पूर्व उम्मीदवार पात्रता की जांच अवश्य कर लें।इस भर्ती के माध्यम से कुल 381 रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इसमें से शॉर्ट सर्विस कमीशन 64 (पुरुष) के अंतर्गत कुल 350 पदों पर, शॉर्ट सर्विस कमीशन 35 (महिला) के 29 पदों में भर्ती की जाएगी।

#### 27 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए उम्र

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से इंजीनियरिंग डिग्री उत्तीर्ण की हो। जो अभ्यर्थी इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष या अंतिम सेमेस्टर में अध्ययनरत हैं, वे भी इस भर्ती में भाग ले सकते हैं। इसके साथ ही अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 20 वर्ष से कम और 27 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आयु की गणना 1 अप्रैल 2025 के अनुसार की जाएगी। आवेदन से पहले अभ्यर्थी एक बार आधिकारिक नोटिफिकेशन का अवलोकन अवश्य कर लें।

### पोस्ट ऑफिस में 44 हजार डाक सेवकों के लिए भर्ती शुरू

भारतीय डाक विभाग ने 44 हजार से अधिक ग्रामीण डाक सेवकों की भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया सोमवार 15 जुलाई से शुरू कर दी है। इस भर्ती के लिए आवेदन ऑनलाइन मोड में आधिकारिक वेबसाइट, **indiapostgdsonline.cept.gov.in** पर स्वीकार किए जा रहे हैं। पहले दिन इस वेबसाइट पर आवेदन में तकनीकी कारणों से यूजर्स को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। हालांकि अब इन्हें दूर करते हुए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित अंतिम तिथि 5 अगस्त तक अप्लाई कर सकते हैं। उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए कि भारतीय डाक विभाग ने ग्रामीण डाक सेवकों की भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया के 3 चरण बनाए हैं - पंजीकरण, आवेदन और भर्ती शुल्क का भुगतान। इन तीनों ही चरणों के लिए लिंक को पोर्टल पर एक्टिव कर दिया गया है। आवेदन शुल्क 100 रुपए निर्धारित है, जिसका भुगतान ऑनलाइन माध्यमों से करना होगा। हालांकि, सभी वर्गों की महिला उम्मीदवारों के साथ-साथ **SC/ST**, दिव्यांगों और ट्रांसवूमेन कटेगरी के आवेदकों को शुल्क नहीं भरना है।

## सेमीकंडक्टर डिवाइसेज से देश में बढ़ेगा शोध कार्य, एक्सपर्ट ने स्टूडेंट्स का बढ़ाया ज्ञान

**रायपुर।** एनआईटी में इलेक्ट्रॉनिक्स व कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका विषय एसईआरबी स्पॉन्सर्ड 'एक्सप्लोरिंग सेमीकंडक्टर डिवाइसेज ए प्रैक्टिकल एप्रोच टू वीएलएसआई' रहा। वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य सेमीकंडक्टर डिवाइसेज की मूलभूत समझ विकसित करना, वीएलएसआई डिजाइन के प्रैक्टिकल एप्रोच सीखना और शोध को प्रोत्साहित करना रहा। इस दौरान निदेशक प्रो. डॉ. एनवी रमना राव, डीन डॉ. श्रीश वर्मा, रिसर्च व कंसल्टेंसी विभाग के डीन डॉ. प्रभात दीवान, सीईसी के अध्यक्ष डॉ. शुभोजीत घोष, कार्यशाला के अध्यक्ष डॉ. तोशनलाल मीनपाल उपस्थित रहे।



कार्यशाला का आयोजन

डॉ. शुभोजित घोष ने कार्यशाला के महत्व को समझाते हुए उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित किया। इस दौरान एसईआरबी स्पॉन्सरशिप की प्रतिस्पर्धी प्रकृति पर चर्चा की, कहा, देशभर से प्राप्त 500 आवेदनों में केवल 52 विचारों का चयन किया गया है, जिसमें 4 चयनित कार्यशालाएं एनआईटी को प्राप्त हुई हैं। समापन सत्र के दौरान डॉ. तोशनलाल मीनपाल ने कहा, कार्यशाला का समापन वास्तविक में कार्य की शुरुआत है। प्रतिभागियों को उनके शोध और व्यावसायिक परियोजनाओं से प्राप्त सैद्धांतिक और व्यावहारिक ज्ञान भविष्य में काम आएगा। कार्यशाला के दौरान लगभग 25 प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर विशेषज्ञों से चर्चा की।

## पौधे रोपकर दी श्रद्धांजलि, रक्तदान से की मदद

**रायपुर।** बढ़ते कदम संस्था द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था के सदस्यों द्वारा पौधारोपण और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संस्था के संस्थापक स्व. अनिल गुरुबक्षाणी की पुण्यतिथि पर प्रत्येक वर्ष सामाजिक आयोजन किया जाता है। संस्था अध्यक्ष सुनील छतवानी के नेतृत्व में दो दिवसीय कार्यक्रम का संचालन किया गया, जिसमें चैंबर अध्यक्ष अमर पारवानी, महेश दरयानी, श्रीचंद सुंदरानी, चेतन तारवानी, डॉ. एनडी गजवानी,अमित जीवन, प्रेम बिरनानी, अनूपकुमार मसंद, कुलदीप जुनेजा, सुंदर जादवानी, शंकरलाल दानवानी उपस्थित रहे।

### रक्तदान शिविर में 28 यूनिट का सहयोग

आयोजन के पहले दिन भंडारा व पौधारोपण कार्यक्रम रखा गया, जहां सदस्यों द्वारा अनेक पेड़ लगाए गए। साथ ही 'बढ़ते कदम मोबाइल एप' की लांचिंग की गई, जिसमें देश-विदेश से हर नागरिक सीधे बढ़ते कदम संस्था की सेवाओं के साथ जुड़ सकते हैं। इस दौरान गोंदिया, बालाघाट, धमतरी, बलौदाबाजार-भाटापारा, तिल्दा, मुंगेली, कोरबा, नवापारा-राजिम के सदस्यों ने मिलकर श्रद्धांजलि अर्पित की। रक्तदान शिविर के प्रभारी बंटी जुमनानी ने बताया, तेलीबांधा स्थित मरीन ड्राइव में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जहां लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और 28 यूनिट रक्तदान किया।

## फैशन शो में फैलाई छत्तीसगढ़ की खुशबू, तालियों से गूंजा हॉल

कार्नर न्यूज

# न्यूजीलैंड में 'हाय डारा लोर गे हे' गाने पर झूमे विदेशी देवांगन दंपति ने छत्तीसगढ़िया पोशाक में किया रैंप वॉक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के देवांगन दंपति ने सात समंदर पार अपनी मिट्टी की खुशबू एक अंतर्राष्ट्रीय मंच पर बिखेरी। न्यूजीलैंड में हुए इस फैशन शो में देवांगन दंपति छत्तीसगढ़िया पोशाक में रैम्प पर चले और छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय करमा गीत 'हाय डारा लोर गे हे..' पर न सिर्फ खुद झूमे, बल्कि वहां मौजूद देश-विदेश के लोगों को भी झूमने पर मजबूर कर दिया। देवांगन दंपति की रैम्प पर इस प्रस्तुति को खुलकर दाद मिली। देवांगन दंपति का यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। दुनिया के अलग-अलग देशों में बसे छत्तीसगढ़िया लोगों की संस्था नॉर्थ अमेरिका छत्तीसगढ़ एसोसिएशन (नाचा) के जरिए भारतवंशी इसे खूब शेयर कर रहे हैं।



छत्तीसगढ़ में देवांगन दंपति की यह प्रस्तुति सोशल मीडिया पर खूब शेयर की जा रही है। छत्तीसगढ़ के कोयलीबेड़ा नारायणपुर के मूल निवासी कोमेश्वर देवांगन और इस्पात नगरी भिलाई निवासी उनकी पत्नी पूनम देवांगन अपनी इस प्रस्तुति के बाद मिले रिस्पांस से बेहद खुश हैं। कोमेश्वर ने बताया कि 6 जुलाई को भारतीय सांस्कृतिक फैशन शो का आयोजन न्यूजीलैंड के हैमिल्टन में किया गया, जिसमें सभी भारतवंशी अपने-अपने राज्य की संस्कृति को अनूठे अंदाज में पेश करने की तैयारी से आए थे। देवांगन दंपति ने बताया कि फैशन शो में रैम्प पर उतरने का उनका यह पहला मौका था और ऐसे वैश्विक मंच पर अपने राज्य छत्तीसगढ़ की खुशबू बिखेरने से बेहतर दूसरा अवसर नहीं था। इसके लिए उन्होंने यह पारंपरिक रचना चुनी, जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं।

### 10 साल से न्यूजीलैंड में रह रहे

कोमेश्वर देवांगन ने बताया कि उन्होंने एनआईटी रायपुर से इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद बहुराष्ट्रीय कंपनी ज्वाइन की थी और स्काई टीवी न्यूजीलैंड में सॉफ्टवेयर डेवलपर के पद पर कार्यरत हैं। उनके पिता देवीप्रसाद देवांगन की कोयलीबेड़ा में अनाज व इलेक्ट्रॉनिक की शॉप है। वहीं उनकी पत्नी पूनम की पूरी शिक्षा भिलाई में हुई है और हुडको आमदी नगर निवासी उनके पिता संजू देवांगन भिलाई स्टील प्लांट से रिटायर हैं। कोमेश्वर ने बताया कि पूनम यहां न्यूजीलैंड के सरकारी स्कूल में शिक्षिका हैं। वहीं देवांगन दंपति का बेटा जयादित्य अभी 7 साल का है और वहीं स्कूल में पढ़ रहा है।

### पारंपरिक करमा गीत का बताया अर्थ

छत्तीसगढ़ की कला व संस्कृति के जानकार दुर्ग निवासी ब्लॉगर संजीव तिवारी बताते हैं 'हाय डारा लोर गे हे.' एक पारंपरिक करमा गीत है। इसे छत्तीसगढ़ के बहुत से गायकों ने एकल व सामूहिक स्वर में गाया है। इस गीत का अभिप्राय यह है कि चिड़ियों के बैठने से पेड़ की डंगाल झुक गई है। इसमें चिड़ियों के झुंड के माध्यम से आनंद के साथ नृत्य कर रहे प्रेमी-प्रेमिका के समूह को इंगित किया गया है। लोक प्रकृति से अपना जुड़ाव ऐसे गीतों में प्रतीकात्मक रूप से प्रस्तुत होता है। यह पारंपरिक गीत है, इसके बीच के पद एक-दूसरे से मेल नहीं खाते, लेकिन गीत/संगीत को प्रवाहमय बनाते हैं और नृत्य में ऊर्जा भरते हैं। संजीव तिवारी कहते हैं, छत्तीसगढ़ की एक पांरपरिक रचना न्यूजीलैंड के मंच पर प्रस्तुत हुई है तो यह हम सबके लिए गर्व की बात है।

## सिटी इवेंट

# आईटी हब में रोजगार देने तीन बड़ी कंपनियां लेंगी इंटरव्यू, फाउंडर मेंबर बनने मिलेगा अवसर



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नवा रायपुर प्रदेश का पहला आईटी हब बनने जा रहा है। यहां बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराए जाएंगे। मल्टीनेशनल कंपनियों में नौकरी का सुनहरा अवसर मिलने जा रहा है। तीन बड़ी कंपनियां जल्द ही युवाओं का इंटरव्यू लेकर भर्ती की प्रक्रिया शुरू करेगी। इसके अलावा आकर्षक पैकेज भी दिए जाएंगे। इसके पूर्व ई-स्टार्ट वेबसाइट में पंजीयन जरूरी है। इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में युवाओं को मल्टीनेशनल कंपनी से जोड़ने के लिए शहीद स्मारक भवन में कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला के माध्यम से युवाओं को आईटी हब में जुड़ने के संबंध में तरीके बताए गए। साथ ही युवाओं को इंटरव्यू के पूर्व आत्मविश्वास मजबूत करने के तौर-तरीके से परिचित कराया गया। कार्यशाला में जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप ने कहा कि यह अवसर राज्य के युवाओं को एक बड़ा मौका देने जा रहा है। इससे युवाओं को पहली बार जो कंपनी राज्य में आई है, वहां फाउंडर मेंबर बनने का अवसर मिलेगा।

**आईटी हब के रूप में विकसित होगा नवा रायपुर का सीबीडी एरिया**

### महानगरों की तर्ज पर मिलेगी नौकरी



बड़े शहरों की अपेक्षा राज्य में ही नौकरी का बेहतर अवसर मिलने जा रहा है। यहां युवाओं के लिए काफी सुविधाएं रहेंगी। अभी तीन कंपनियों से एमओयू किया गया है। अभी से युवा इन कंपनियों में जुड़ेंगे तो निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में भविष्य उज्ज्वल होगा। पूछपरख भी युवाओं की बढ़ेगी। कार्यशाला में जिला रोजगार अधिकारी केदार पटेल समेत अन्य अधिकारी व बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। मल्टीनेशनल कंपनी से जुड़ने के लिए युवाओं को E-START.CO.IN पंजीयन करना जरूरी है। पंजीयन के लिए बेसिक जानकारी देनी होगी। इसके पश्चात कंपनियों द्वारा इंटरव्यू लिए जाएंगे। वर्तमान में टेलीपरफॉर्मेंस, रेडीकल माइंड, स्क्वायर जैसी कंपनियां नवा रायपुर में पहुंच चुकी हैं। ई-स्टार्ट में पंजीयन के बाद युवाओं को कंपनियों से जुड़ने के पूर्व आईटी संबंधी बेसिक कोर्स की जानकारी मिल सकेगी। यह जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

## समाज इवेंट

# विधानसभाध्यक्ष को पसंद आया सर्व संगठन मंडल का ड्रॉफ्ट

### शिक्षा और संस्कार पर दिया जोर



**रायपुर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मंगलवार देर शाम महाराष्ट्र मंडल के पदाधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान छत्तीसगढ़ सर्व संगठन मंडल के प्रारूप की फाइल को उन्होंने गंभीरता से पढ़ा। इस संदर्भ में मंडल अध्यक्ष अजय मधुकर काले की जानकारी को सुना और समझा भी। महाराष्ट्र मंडल के छत्तीसगढ़ सर्व संगठन मंडल के प्रस्ताव के साथ तैयार किया गया ड्रॉफ्ट उन्हें काफी प्रभावित कर गया। उन्होंने इसकी जमकर प्रशंसा की। महाराष्ट्र मंडल के प्रतिनिधियों ने दिसंबर 2023 के अंतिम सप्ताह में डॉ. रमन सिंह से छत्तीसगढ़ सर्व संगठन मंडल बनाने की मांग को लेकर चर्चा की थी और ज्ञापन सौंपा था। उस समय डॉ. रमन सिंह ने इस प्रस्ताव का प्रारूप बनाने का सुझाव दिया था, ताकि प्रस्ताव की मूल अवधारणा दूसरों को भी समझाने में सहूलियत हो।

लगभग साढ़े छह महीने के बाद महाराष्ट्र मंडल के प्रतिनिधि छत्तीसगढ़ सर्व संगठन मंडल के विस्तृत ड्राफ्ट के साथ दोबारा मिलने के लिए शंकर नगर स्थित स्पीकर हाउस शंकर नगर पहुंचे और विधानसभाध्यक्ष से सविस्तार बातचीत की। डॉ. रमन ने ड्रॉफ्ट की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस विषय पर मंत्रियों और अफसरों से चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सर्व संगठन मंडल चाहे जब भी अपने अस्तित्व में आए, इससे पहले सभी समाजों और संगठनों को वृक्षारोपण, सर्व शिक्षा, स्वास्थ्य, जनसंख्या नियंत्रण जैसे अति आवश्यक पहलुओं पर कार्य करना चाहिए और पूरे प्रदेश में जागरूकता का माहौल तैयार करना चाहिए।

### गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षा देने लगातार शिविर

अजय काले ने विधानसभा अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि महाराष्ट्र मंडल पहले ही अपनी पर्यावरण समिति के माध्यम से लगभग 10 हजार पौधों का न केवल रोपण कर चुका है, बल्कि संरक्षण के साथ उन्हें वृक्ष बनाने की दिशा में भी सतत प्रयत्नशील है। इसके अलावा झुग्गी बस्तियों में गरीब परिवारों के बच्चों के लिए शिक्षा और संस्कार के लिए लगातार शिविर लगाकर काम रहा है। साथ ही महाराष्ट्र मंडल के सभी प्रकल्पों में सालभर में तीन से चार स्वास्थ्य शिविर लगाकर समीपस्थ रहवासियों को इससे लाभान्वित और सेहत को लेकर जागरूक किया जाता है। विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात के दौरान उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल, महिला प्रमुख विशाखा मदन तोपखानेवाले, सह सचिव सुकृत गनोदवाले, संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्रभारी परितोष डोनगांवकर, भवन प्रभारी निरंजन पंडित और सचेतक रविंद्र ठेंगड़ी उपस्थित रहे।

---

**मुहर्रम का शेर बनना हुआ इस बार महंगा, 5 साल में दोगुना हुआ खर्च**

# शेर का वेश धरने मुहर्रम पर कारीगरों के पास लगी होड़ मन्नत पूरी करने लोगों ने नहीं की खर्च की परवाह

राजधानी में मुहर्रम पर्व मनाया गया। हजरत इमाम हुसैन और कर्बला की शहादत की याद में इमामबाड़ों के अलावा कई स्थानों पर ताजिए बनाए गए हैं। बुधवार को मुहर्रम की दसवीं तारीख पर ताजिए निकाले जाएंगे। मुहर्रम पर मन्नती शेर बनने के लिए लोगों को इस बार ज्यादा खर्च करने पड़े। शेर बनने के लिए कारीगरों ने पिछले साल की तुलना में इस बार दोगुना पैसा लिया।

**रायपुर।** इस महीने को मुसलमान भी पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की शहादत को गम के रूप मनाते हैं। इमाम हुसैन कर्बला के मैदान में अपने साथियों के साथ शहीद हुए थे। उनकी याद में ही मुहर्रम के मौके पर त्योहार भी 10वें आशूरा को पड़ता है, जो कि इस बार 17 जुलाई को है। इस्लाम में त्योहार चांद का दीदार होने के बाद मनाया जाता है। शहर-ए-काजी मौलाना मोहम्मद अली फारूकी ने बताया कि चांद का दीदार होने के बाद मुहर्रम का ऐलान किया गया।

### मन्नत का शेर बनने इंतजार

मुहर्रम को इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना माना जाता है। यह मुस्लिम समुदाय के लिए बहुत खास पर्व है। देखा जाए तो मुहर्रम महीने का हर दिन मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए अहम होता है। इस महीने का 10वां दिन बहुत ही खास माना जाता है। इस दिन को अशूरा के रूप में मनाया जाता है। अशूरा को मुस्लिम समुदाय के लोग मातम के रूप में मनाते हैं। इस खास मौके पर लोग रोजा भी रखते हैं। वहीं 7 जुलाई को मुहर्रम के पवित्र महीने की शुरुआत हुई। ऐसे में 17 जुलाई को अशूरा मनाया जाएगा। इसके लिए एक तरफ लोग ताजिया को आकार देते नजर आए तो वहीं दूसरी तरफ मन्नत का शेर बनने के लिए दिन में लोग इंतजार करते मिले।







### 35 साल में आए कई बदलाव

विजेता कॉम्प्लेक्स में मो. सिद्दीक कुरैशी उर्फ कल्लू दद्दा विगत 35 साल से लोगों को मन्नत का शेर बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि 20 साल पहले 15 सौ से 3 हजार तक में हर वर्ग व साइज के व्यक्ति को शेर का लुक देते थे। इनकी दरों में धीरे-धीरे इजाफा होना शुरू हुआ। वहीं 5 साल पहले 5 से 7 हजार में इस काम को किया जाने लगा। तब रोज 30 से 35 लोग मन्नत के शेर का रूप धरने आते थे। अब कम से कम 6 हजार व अधिक से अधिक 10 से 15 हजार रुपए में शेर के गेटअप में लोगों को तैयार किया जाता है। अभी भी लोग मन्नत का शेर बनने के लिए आतुर नजर आते हैं। इसमें मुस्लिम ही नहीं, हिंदू भी मन्नत का शेर बनने के लिए आते हैं।

### डेढ़ घंटे में मिलता है शेर का लुक

मो. सईद कुरैशी व शेख करीम ने बताया कि बच्चों व युवाओं में शेर का रूप धरने को लेकर ज्यादा उत्साह देखने को मिलता है। एक व्यक्ति को तैयार करने में करीब एक से डेढ़ घंटा लगता है। तैयार होने के लिए आने वाले लोगों को पहले ऑयल पेंट लगाया जाता है। इसके बाद शेर का कलर किया जाता है। सूखने के बाद मन्नत के शेर को साजो-सामान पहनाया जाता है। इन सभी सामग्री की कीमत जोड़कर लेते हैं। इसमें छाल, चमड़े व बाल से तैयार किए गए सामान से उन्हें सजाया जाता है। इसके बाद मूंछ व शेर के जैसे दांत लगाकर उन्हें रवाना किया जाता है। लोग बच्चों को भी मन्नत का शेर बनाने के लिए लेकर आते हैं। इनमें हिंदू व मुस्लिम दोनों शामिल हैं।

---

**चातुर्मास के दौरान संसार का भार संभालेंगे भोलेनाथ**

# देवशयनी एकादशी से मांगलिक कार्यों पर लगेगा विराम भगवान विष्णु चार महीने क्षीरसागर में ही करेंगे विश्राम

**रायपुर।** लोग हर शुभ एवं मांगलिक काम करने से पहले शुभ मुहूर्त एवं लग्न का इंतजार करते हैं। वहीं 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी है, यानी बुधवार को जगत के पालनहार भगवान विष्णु चार महीने विश्राम के लिए चले जाएंगे। जो देवउठनी एकादशी के दिन जागते हैं। देवउठनी एकादशी 12 नवंबर 2024 को है। इस बीच किसी प्रकार के मांगलिक कार्य नहीं होंगे। अब चार महीने तक सिर्फ देव आराधना का सिलसिला चलेगा, इसे चातुर्मास काल भी कहा जाता है। इसकी शुरुआत भी देवशयनी एकादशी के दिन से ही होता है। आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को देवशयनी एकादशी मनाई जाएगी। हर साल की तरह ही इस बार भी देवशयनी से सभी मांगलिक कार्यों पर विराम लगने वाला है।



### आराधना व पूजा-पाठ में बीतेगा समय

पं. चंद्रभूषण शुक्ला बताते हैं कि हिंदू पंचांग के तहत आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 16 जुलाई की रात 8.33 बजे से शुरू हो रही है। इसका समापन 17 जुलाई की रात 9.02 पर होगा। एकादशी व्रत का पारण उदया तिथि के अनुसार किया जाता है। ऐसे में एकादशी व्रत का नियम बुधवार को किया जाएगा। वहीं गुरुवार को एकादशी व्रत का पारण किया जाएगा। जैन समाज का चातुर्मास भी बुधवार से ही मान्य होगा। इस तिथि से जैन मुनियों व साधु- साध्वियों द्वारा धर्म आराधना और पूजा-पाठ करते हुए पुण्य लाभ प्राप्त करने में बिताया जाता है।

### देवशयनी एकादशी का शुभ मुहूर्त

पं. भोला तिवारी व पं. प्रदीप शुक्ला ने बताया कि हिंदू वैदिक पंचांग के अनुसार, इस बार देवशयनी एकादशी पर शुभ और शुक्ल योग का निर्माण हो रहा है। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग भी बन रहा हैं। शुभ योग सुबह 7 बजकर 5 मिनट तक रहेगा और इसके बाद शुक्ल योग शुरू हो जाएगा। वहीं सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग सुबह 5 बजकर 32 मिनट से शुरू हो रहा है, जो कि पूर्ण रात्रि तक प्रभावी होगा। साथ ही मांगलिक कार्य शुभ विवाह, मुंडन, उपनयन संस्कार और गृह प्रवेश के मुहूर्त नहीं मिलेंगे।

### शिव परिवार की आराधना में..

इस चातुर्मास को लेकर महंत सुरेश गिरी ने बताया कि भगवान विष्णु के विश्राम काल में होने से संसार का संचालन भगवान भोलेनाथ अपने परिवार के साथ करते हैं, इसलिए सावन में भगवान शिव की आराधना होती है। इसके बाद उनके सुपुत्र भगवान गणपति की सेवा में संसार के लोग लीन होते हैं। इसके बाद माता गौरी की दुर्गा स्वरूप में आराधना की जाती है। चार महीने में साधना, मंत्र जाप, शिव अभिषेक और गणपति आराधना, पितरों की सेवा, मां जगदम्बा की आराधना, भागवत कथा सुनने से पुण्य लाभ मिलता है।

---

# आज का युवा केवल तारीफ का भूखा, चाहे वह झूठी ही क्यों न हो, उसकी परवाह नहीं

आज का युवा केवल तारीफ का भूखा है, उसे सिर्फ अपनी तारीफ सुनना पसंद है। चार लोगों के सामने कोई तारीफ कर दे तो क्या ही कहना, इज्जत के महल में चार चांद लग गए हो मानो, यह सत्य है। किसी को अपनी तारीफ और सम्मान में कमी नहीं चाहिए। किसी ने जरा-सा भी ऊपर-नीचे कुछ कह दिया तो देखिए फिर। आजकल बड़े-बड़े रिश्ते भी झूठे तारीफों के पुल पर ही टिके हुए हैं।

### संस्कार दिए होते तो आज यह नौबत आती नहीं



*मुनिश्री कहते हैं कि आज झूठ बोलने की नौबत क्यों आ रही है, यह समझने वाली बात है। आज आपको अगर एक दिन में चार शादियां अटेंड करनी है तो आप छोटे भाई, संतान और बुजुर्गों को केटेगरी देख कर अलग-अलग पार्टियों में शामिल होने भेज देते हो। वहीं जब धर्म की बात आती है तो आप व्यापार को पुत्र के हवाले कर खुद धार्मिक आयोजनों में शामिल हो जाते हो। ऐसा इसलिए, क्योंकि आप डरते हो कि कहीं आपका पुत्र, जो आपका उत्तराधिकारी है, वह गुरुवाणी से प्रभावित न हो जाए। जबकि आप खुद व्यापार संभालते और बच्चों को धर्मसभाओं में भेजते तो आज यह नौबत आती ही नहीं कि आपको अपने बच्चों को समझाना या डांटना पड़े। हमें इस भव में आत्मा के गुणों में सुधार करना है। वैसे इसमें बच्चों की कोई गलती नहीं, बल्कि माता-पिता और दादा-दादी की है। उन्होंने बचपन से बच्चों को यह संस्कार दिए होते तो आज यह नौबत आती ही नहीं।*

**रायपुर।** झूठी तारीफ पाने के लिए सब आतुर हैं, जबकि आपको पता है कि सामने वाला व्यक्ति झूठी तारीफ कर रहा है फिर भी आप फूले नहीं समाते हो। अगर आपको पता है कि कोई आपकी झूठी तारीफ कर रहा है तो आप उससे किनारा कर सकते हैं, लेकिन आप ऐसा नहीं करते हैं। ऐसा व्यक्ति आपसी संबंधों को बांधे रखने या फिर अपने निजी स्वार्थ सिद्ध करने के लिए करता है। अब यह निर्भर करता है कि आपको ऐसे व्यक्ति से संबंध रखना है या नहीं। यह बातें राजधानी के सदर बाजार स्थित जैन मंदिर में चल रही प्रवचन श्रृंखला /"जिनवाणी की वर्षा/" के दौरान रविवार को दीर्घ तपस्वी विरागमुनि जी ने कही।

---

**मोर पंख, आदिवासी संस्कृति, श्रीकृष्ण व श्रीगणेश की डिजाइन पहली पसंद**


# घर की सजावटी वस्तुओं में लिप्पन आर्ट बढ़ा रहा खूबसूरती, बाजार के साथ अब ऑनलाइन भी मांग

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** बीते कुछ सालों में लोग अपने घरों की साज-सज्जा के लिए कई वस्तुओं की खरीदी कर रहे हैं। वर्तमान समय में लोगों का रुझान हैंडमेड वस्तुओं के प्रति बढ़ रहा है। हैंडमेड वस्तुओं में संस्कृति व परंपरा का स्वरूप देखने को मिलता है, जो लोगों को आकर्षित करता है। गुजरात की पारंपरिक कलाओं में एक लिप्पन कला भी है, जिसे कम से कम वस्तुओं के साथ ही आकर्षक ढंग से तैयार किया जाता है। कुछ साल पहले इसे चिकनी मिट्टी से तैयार किया जाता था।


लिप्पन कला को अपने पसंदीदा आकृति के साथ तैयार किया जा सकता है। इसे प्लाईवुड और एक्रेलिक बोर्ड की मदद से बनाया जाता है, जिसे तैयार करने की प्रक्रिया काफी कठिन है। इसमें मोल्डिट क्ले, मोल्ड बेस, रंग और विभिन्न आकृति के दर्पण का उपयोग किया जाता है, जिसे खरीदार अपने अनुसार विभिन्न डिजाइन व रंगों के साथ तैयार कराते हैं।

### श्रीकृष्ण व मोर पंख की डिजाइन



रचना सिंग के अनुसार, लिप्पन आर्ट के प्रयोग से सजावटी सामग्री तैयार करने में अधिक वक्त लगता है, जिसे क्रमबद्ध रूप से ही बनाया जाता है, सबसे अधिक क्ले को सूखने में वक्त लगता है। जो सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया होती है। वर्तमान समय में लोग इसे मंदिर के अनुसार भी तैयार करा रहे हैं, जिसमें श्रीकृष्ण व मोर पंख की डिजाइन खरीदार पसंद कर रहे। लिपन्न कला को ऑनलाइन माध्यमों के साथ भी लोग सीखना पसंद कर रहे। इसकी कीमत 500 से शुरू होकर आकार के अनुसार 20 हजार तक तय है।

### बोर्ड में महिला की छवि



अर्पिता के बताया, लिप्पन आर्ट के प्रति लोगों की रुचि पिछले कुछ सालों में बढ़ी है। यह देखने में सरल लगता है, लेकिन इसे बनाना काफी मुश्किल है। ऑनलाइन उपकरणों की सहायता से लोग इसे घर पर ही बनाना अधिक पसंद करते हैं। वर्तमान समय में लोग मोर पंख, श्रीगणेश, महिला की छवि, श्रीकृष्ण की डिजाइन सबसे अधिक पसंद कर रहे। इसकी कीमत आकृति के अनुसार तय की जाती है।

### आदिवासी संस्कृति व परंपरा की कलाकृति

पायल साहू ने बताया, घर की साज-सज्जा व गिफ्ट करने के लिए तैयार कराया जाता है, जिसके लिए लोग अपने अनुसार रंग व आकार का चयन करते है। इसमें संस्कृति व परंपरा की झलक देखने को मिलती है, इसमें विभिन्न प्रकार के डिजाइन लोगों की पसंद है। वर्तमान समय में आदिवासी संस्कृति व परंपरा के दृश्य वाली डिजाइन ट्रेंड में है, जिसे लोग घर की साज-सज्जा स्वरूप तैयार करा रहे हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ की बेटियों ने भारत को एपी टीम इवेंट में दिलाया रजत पदक



**रायपुर।** क्राइस्टचर्च न्यूज़ीलैंड में चल रहे 2024 कॉमनवेल्थ फेंसिंग चैंपियनशिप में एपी इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए रायपुर छत्तीसगढ़ की रीबा बेनी ने टीम इवेंट में रजत मेडल प्राप्त किया। सेमी फाइनल में भारत ने मेज़बान न्यू ज़ीलैंड को 45-37 पराजित किया जिसमे रीबा ने 17 अंक लेकर टीम को जीत दिलाया। फाइनल में भारतीय टीम की इंग्लैंड से हार का सामना करना पड़ा जिसका स्कोर 37-45 रहा। फाइनल में भी रीबा ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए अकेले ही 22 अंक लेकर टीम का स्कोर सम्मान जनक स्थिति में ला दिया। भारतीय टीम की पांच सदस्यीय टीम में छत्तीसगढ रायपुर की रिबा बैनी रूपाली साहू बिलासपुर, निवेदिया नायर-केरला, गुरसिमरन कौर - पंजाब, सेजल गुलिया-हरियाणा शामिल है।

रीबा अपने इस प्रदर्शन का श्रेय अपने माता–पिता एवम प्रारंभिक गुरु एवम वर्तमान गुरु के मार्गदर्शन को देती हैं। उनके प्रारंभिक गुरु प्रवीण कुमार, जॉनसन सोलोमन और मोहनीश वर्मा रहे हैं। वहीं वर्तमान मेंटोर के तौर पर तराशने का काम केरला के सागर लागू ने किया।

रीबा की इस अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धि पर प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के महासचिव बशीर अहमद खान, अजीत सिंह पटेल उपाध्यक्ष,एवम कोषाध्यक्ष राम प्रताप गुप्ता, रायपुर जिला फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ रायपुर के सचिव अखिलेश दुबे ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### रायपुर जिला मानसून लीग टेबल टेनिस में हुए शानदार मुकाबले




**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में 12 से 14 जुलाई तक आयोजित ₹रायपुर जिला मानसून लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता (यूथ/सब जुनियर/होप्स)₹ में खेल प्रेमियों को शानदार मुकाबला देखने को मिला।

आखिरी दिन खेले गये सभी वर्गों के अंतिम सुपर लीग मुकाबले में यूथ अंडर-19 (यूथ) एकल वर्ग में विशाल डेकाटे, यूथ अंडर -19 (यूथ) एकल वर्ग में चहक कटारिया, यूथ अंडर -15 (सब जूनियर) बालक एकल वर्ग में श्रेष्ठ मिश्रा, यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालिका एकल वर्ग में समाया पांडे एवं यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक एकल वर्ग में अद्विक सेंगर, यूथ अंडर-11 (होप्स) बालिका वर्ग में महविन अंसारी विजेता बने। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि हीरा ग्रुप के जनसंपर्क अधिकारी पंकज शुक्ला थे। मंच पर मुख्य निर्णायक अजीत बेनर्जी, सहायक निर्णायक प्रणय मजुमदार एवं वृंदा तांबे उपस्थित थे। मंच संचालन प्रवीण निरापुरे ने किया। प्रतियोगिता के सभी वर्गों के सुपर लीग के अंतिम परिणाम में यूथ अंडर-19 (युथ) बालक वर्ग में विजेता- विशाल डेकाटे, उपविजेता-अर्जुन मल्होत्रा 3-0 तृतीय-यशवंत डेकाटे,यूथ अंडर-19 (यूथ) बालिका वर्ग में विजेता-चहक कटारिया, उपविजेता-आरना खोटेले 3-0, तृतीय-आहना सिंह,यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालक वर्ग में विजेता-श्रेष्ठ मिश्रा, उपविजेता-आर्यन सिंह 3-0,तृतीय-नैतिक अग्रवाल,यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालिका वर्ग में विजेता-समाया पांडे, उपविजेता - वेदी कछवाहा 3-0,तृतीय-लावण्या पांडे, यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक वर्ग में विजेता-अद्विक सेंगर, उपविजेता-अथर्व अग्रवाल 2-1, तृतीय-नीरव तिवारी,यूथ अंडर -13 (कैडेट) बालिका वर्ग में विजेता-महविन अंसारी, उपविजेता-वंशिका शुक्ला 2-0 और तृतीय-आरना ठाकुर रहे। इस अवसर पर भूपेंद्र राजवंशी, प्रिया चावड़ा, अंजना चौहान, राजेश सिंह एवं अन्य सदस्यगण, खिलाडीगण, प्रशिक्षकगण, पालकगण उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से राजधानी टेबल टेनिस संघ जिला रायपुर के सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

## 9 घंटे करते हैं ऑफिस में काम तो हो सकती है ये बीमारी, ऐसे बरतें सावधानियां

# लगातार बैठकर काम करना आपके लिए हो सकता है घातक, बदलें अपनी आदत

अगर आप ऑफिस में 9 घंटे काम करते हैं तो सावधान हो जाइए। आपको भले ही बैठ कर काम करना आरामदायक लगता हो लेकिन आप इससे कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का शिकार हो सकते हैं। इससे ना सिर्फ आपको शारीरिक तौर पर नुकसान होता है बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी खऱाब होता है। डायटीशिन प्रियंका जायसवाल ने इसके काफी नुकसान बताए हैं।

एक्सपर्ट के मुताबिक आप काम तो कर रहे होते हैं लेकिन ये एक तरह की गतिहीन जीवनशैली ही है, जिसमें लोग सुबह 9 से 6 डेस्क पर बैठ कर काम करते हैं। एक्सपर्ट कहती हैं कि जब आप बिना किसी मूवमेंट के एक ही स्थिति में देर तक काम करते हैं तो इससे आपके शरीर का मेटाबॉलिज्म प्रभावित होता है, जिससे आप कई गंभीर बीमारी की चपेट में आ सकते हैं। आइए एक्सपर्ट से ही जानते हैं इसके नुकसान और इससे बचने के उपाय।



### कैसे बरतें सावधानियां?

खुद को एक्टिव रखने के लिए लिफ्ट्स की जगह ज्यादा से ज्यदा सीढ़ियों का ही इस्तेमाल करें। हर एक घंटे में 10 मिनट का ब्रेक जरूर लें। बीच-बीच में स्ट्रेचिंग करते रहें, इससे शरीर में लचीलापन बना रहेगा,अकड़न की समस्या नहीं होगी। लंच के बाद आराम करने के बजाए थोड़ी देर ठहलने (हर रोज 30 मिनट ठहलने के फायदे) की कोशिश करें। मेंटल हेल्थ को सही रखने के लिए ठहलते वक्त अपनी पसंदीदा म्यूजिक जरूर सुनें।

### आपको बीमार बना सकता है 9 घंटे का काम

दिल की बीमारी होने का खतरा बना रहता है,दरअसल जब आप लगातार बैठे रहते हैं तो आपका शरीर फैट बर्न नहीं कर पाता है, इससे मोटापा बढ़ने लगता है,इससे दिल की बीमारी का खतरा बढ़ाता है। जब आप एक ही जगह पर लंबे समय तक बैठे रहते हैं तो आपके शरीर का ब्लड सर्कुलेशन बिगड़ जाता है,शरीर में रक्त के थक्के जम सकते हैं जिससे दिल के दौरे या स्ट्रोल का खतरा बढ़ जाता है। आप खराब पॉश्चर के शिकार हो सकते हैं,एक ही पॉश्चर में घंटों काम करने से सर्वाइकल स्पोंडिलोसिस की बीमारी हो सकती है।

लंबी शिफ्ट करने से व्यक्ति में अकेलेपन की भावना बढ़ जाती है। इस वजह से डिप्रेशन और एंग्जाइटी की समस्या हो सकती है। आपके मस्तिष्क पर भी नाकारात्मक असर पड़ता है, आपको भूलने की समस्या हो सकती है,सोंचने समझने की भी शक्ति प्रभावित हो सकती है। फिजिकल एक्टिविटी की कमी की वजह से ब्लज फ्लो की कमी होती है और ऐसे आप हाई बीपी (हाई बीपी को मैनेज करने के टिप्स) के शिकार भी हो सकते हैं। लंबे वक्त तक बिना फिजिकल एक्टिविटी के कम करने से इंसुलिन संवेदनशीलता कम हो सकती है जिससे आपको डायबिटीज की समस्या भी घेर सकती है। दिन भर लैपटॉप पर काम करने से आपके आंखों की रौशनी प्रभावित हो सकती है।



# फिटकरी के वास्तु उपायों से हो सकता है अचानक धन लाभ



अगर आपके घर में अनायास ही समस्याएं हो रही हैं तो इसका कारण वास्तु दोष भी हो सकता है। ऐसी किसी भी समस्या के समाधान के लिए ही वास्तु के उपाय आजमाने की सलाह दी जाती है। पैसे की चाह भला किसे नहीं होती है। हर कोई इसे पाने के लिए अपना पूरा प्रयास करता है।

चाहिए वह धनवान हो या माध्यम वर्गीय, सभी पैसे कमाने के उपाय खोजते हैं। दरअसल कई बार ऐसा होता है कि आपकी कोशिशों के बाद भी आपको इच्छित धन अर्जन करने में समस्याएं आती हैं।

### धन लाभ के लिए फिटकरी का उपाय

अगर आपके पास पैसा ज्यादा दिनों तक नहीं रुकता है और बिना वजह धन की हानि होती है तो अपने पर्स में एक कागज़ के टुकड़े में फिटकरी का एक टुकड़ा रखें और इसे हर 11 दिन में बदलते रहें। इस उपाय से आपको जल्द ही धन लाभ होगा।

### अच्छी नौकरी के लिए करें फिटकरी का उपाय

अगर आपको नौकरी में समस्याएं हो रही हैं और आप किसी अच्छी नौकरी की तलाश में हैं तो नहाने के पानी में एक चुटकी फिटकरी मिलाएं और उस पानी से स्नान करें। आपको यह उपाय कम से कम 11 दिनों तक करना है। इससे आपको जल्द ही नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है और धन लाभ के योग बनेंगे। इसके अलावा यदि आपको अपनी नौकरी या व्यवसाय में तरक्की चाहिए तो फिटकरी का एक टुकड़ा लाल कपड़े में बांधकर रखें और अपनी दुकान या घर की तिजोरी में इसे छिपाकर रख दें। इससे आपको अचानक धन लाभ के योग बनते नजर आएंगे।

### रुका हुआ धन वापस पाने के लिए फिटकरी का उपाय

अगर आपका पैसा कहीं अटका हुआ है और आप इसे वापस नहीं पा रहे हैं तो फिटकरी के टुकड़े को एक लाल कपड़े में बांधें और पीपल के पेड़ के पास रखें। इसके साथ ही अपनी इच्छा के बारे में विचार करते हुए उसे पूरा करने के बारे में सोचें।

# कुकर में चॉकलेट आटा कुकीज बच्चों को बनाकर खिलाएं



जब भी हल्की-फुल्की भूख लगती है, तो हम चाय के साथ कुछ ना कुछ खाते हैं जैसे- नमकीन, कुकीज आदि। नमकीन तो एक बार को हम मान सकते हैं कि किसी-किसी को पसंद होती है, लेकिन कुकीज खाना सब पसंद करते हैं। खासकर घर के बच्चे तो और भी अधिक पसंद करते हैं।मगर कुकीज का नाम सुनकर ऐसा लगता है कि इसे बनाने में कितना वक्त, मेहनत और बहुत सारी सामग्री की जरूरत होती होगी, मगर ऐसा नहीं है। घर पर आप कुछ टेस्टी कुकीज को बहुत आसानी से बना सकते हैं। हालांकि, घर के कुकीज में यह शिकायत होती है कि इसका स्वाद टेस्ट बाजार की कुकीज की तरह नहीं होता। कुकीज को बनाने के लिए आपको अन्य सामग्री की जरूरत नहीं होगी। हम आटे से कुकीज तैयार कर सकते हैं।

सबसे पहले आप एक बर्तन में गेहूं और चावल का आटा अच्छी तरह से मिक्स कर लें। मिक्स करने के बाद उसमें बेकिंग पाउडर डालें और हल्के हाथ से मिलाएं। मिलाने के बाद इसमें कोको पाउडर डालें और अच्छी तरह से मिक्स कर लें। इस दौरान चीनी को मिक्सर में डालकर पाउडर बना लें और आटे में डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें। फिर घी डालकर डो तैयार कर लें। कुछ देर रखने के बाद आटे की लोइयां बना लें और बेकिंग ट्रे में रखकर ऊपर से बटर डालें।

आप चाहें तो काजू से गार्निश भी कर सकते हैं। इसके बाद, कुकर में मिट्टी डालकर हल्की आंच पर हिट करें और कुकीज को बेक होने के लिए 10 से 15 मिनट के लिए छोड़ दें। 15 मिनट बाद इसे कुकर से निकाल लें और ठंडा होने के बाद सर्व कर सकते हैं।

सबसे पहले आप एक बर्तन में गेहूं और चावल का आटा अच्छी तरह से मिक्स कर लें। फिर घी डालकर डो तैयार कर लें। कुछ देर रखने के बाद आटे की लोइयां बना लें और बेकिंग ट्रे में रखकर ऊपर से बटर डालें। इसके बाद कुकर में मिट्टी डालकर हल्की आंच पर हिट करें। कुकीज को बेक होने के लिए 10 से 15 मिनट के लिए छोड़ दें। 15 मिनट बाद इसे कुकर से निकाल लें और ठंडा होने के बाद सर्व कर सकते हैं।



# इन 4 भाग्यांकों को मिल सकती है कर्ज से मुक्ति

अंक ज्योतिष आपके भूत से लेकर वर्तमान तक और भविष्य के बारे में कई बातें बताने में मदद करता है। इससे आप अपने भाग्यांक के अनुसार समय की सही जानकारी ले सकते हैं। आपके लिए आने वाला समय कैसा हो सकता है? आपकी सेहत कैसी रहेगी और नौकरी में क्या बदलाव हो सकते हैं? ऐसी कोई भी जानकारी आपको अंक ज्योतिष से मिल सकती है। इससे आप आने वाले सप्ताह में होने वाले बदलावों के बारे में जानकारी ले सकते हैं । क्या आप जानना चाहते हैं कि आपके भाग्यांक के अनुसार आपके लिए क्या नया होगा? अगर हां तो न्यूमेरोलॉजिस्ट डॉ मधु कोटिया जानें अपने भाग्यांक का हाल।

### कैसे लगाएं अपने भाग्यांक का पता

भाग्यांक वह अंक होता है जो आपकी पूर्ण जन्मतिथि के योग का एकल अंक होता है। उदाहरण के लिए अगर आपका जन्म 17-01 -2000 को हुआ है तो आपका भाग्यांक (1+7+0+1 +2+0+0+0=11 (1 +1 =2 ) 2 होगा।

**भाग्यांक-1 :** आत्म-आश्वासन और सकारात्मकता की लहर आपके मार्ग को सुशोभित करने के लिए तैयार है। अकेलेपन, असमानताओं और भलाई को लेकर आंतरिक लड़ाइयां सामने आ सकती हैं, लेकिन सप्ताह के मध्य तक आपका भाग्य प्रबल हो जाएगा।(भाग्यांक 1 का साप्ताहिक भविष्यफल यहां पढ़ें )

**भाग्यांक-2 :** आपको कई जगहों से शान लाभ होगा और भौतिक संतुष्टि में वृद्धि के योग बनेंगे। विजय आपके व्यवसाय और निवेश उपक्रमों को सुशोभित करेगी। आप संभावित रूप से एक नए उपक्रम का उद्घाटन करेंगे। हालांकि यह सप्ताह आपके लिए थकान भरा हो सकता है।

**भाग्यांक-3 :** आपका लंबे समय से प्रतीक्षित सपना साकार हो सकता है। इस सप्ताह की शुरुआत ही खुशियों के साथ होगी। आपकी कुछ इच्छाएं अधूरी रह सकती हैं,



लेकिन कुल मिलकार समय अनुकूल है।

**भाग्यांक- 4:** आप अपने विवेक के अनुसार निर्णय लेंगे जो आगे के लिए फलदायी हो सकते हैं। इस सप्ताह अपनी भलाई को प्राथमिकता देना आपके लिए सर्वोपरि है।


**भाग्यांक- 5:** आने वाले सप्ताह में आपको संतुष्टि मिलेगी और किसी भी मामले में सफलता के योग बनेंगे। चाहे बात प्यार की हो या नौकरी की सभी तरफ से सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं। (भाग्यांक 5 का साप्ताहिक भविष्यफल यहां पढ़ें )

**भाग्यांक-6 :** अपने पेशेवर क्षेत्र में, आप संतुष्टि की भावना प्रदर्शित करेंगे जो अच्छी तरह से प्रतिध्वनित होगी। यह संतुष्टि पूरी तरह से व्यक्तिगत लाभ से प्रेरित नहीं होगी बल्कि, यह आपके परिवार की वित्तीय भलाई के लिए होगी।

**भाग्यांक-7** भौतिक और भावनात्मक दोनों तरह से प्रचुर धन से संपन्न, आप उदारता बिखेरते हैं और क्षमा की शक्ति रखते हैं। आपका प्रभाव कई लोगों, विशेष रूप से महिलाओं को स्थिरता और गौरव प्रदान करता है और उनके कार्यों को प्रेरित करता है।

**भाग्यांक- 8:** आपके शांत बाहरी हिस्से के नीचे तीव्र भावनाओं की स्थिति है। तीव्रता के दायरे में बहुत दूर तक भटकने से आप परेशान हो सकते हैं, लेकिन भावनाओं में बहुत गहराई तक उतरना आपके लिए भारी पड़ सकता है।

**भाग्यांक-9 :** सप्ताह की शुरुआत स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के साथ हो सकती है, जो संभावित रूप से आपको वित्तीय लाभ की तलाश में छोड़ सकती है। हालांकि, जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ेगा, अपने कार्यक्षेत्र में बदलाव की आशा करें जो आपके कार्यों में नई ऊर्जा का संचार करेगा। सभी भाग्यांकों के लिए समय मिला-जुला है। आप इस भविष्यवाणी के अनुसार आने वाले समय की योजनाएं बनाएं।











## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## डेडपूल-वूल्वरिन की एडवांस बुकिंग शुरू, फैंस हुए बेकाबू



मार्वल स्टूडियोज की 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के जरिए रयान रेनॉल्ड्स एक बार फिर वेड विल्सन के रोल में नजर आएंगे। मार्वल स्टूडियो ने भारतीय दर्शकों के लिए 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' की एडवांस बुकिंग आज से शुरू कर दी है, जिसे लेकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। यह फिल्म 26 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म से जुड़ी हर एक जानकारी पर प्रशंसकों की नजर रहती है। यह फिल्म रयान रेनॉल्ड्स और ह्यूग जैकमैन दोनों की मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की ऐसी फिल्म है, जिसका इंतजार हर एक प्रशंसक कर रहा है। यह फिल्म पिछले पांच सालों से चर्चा का विषय बनी हुई है। फिल्म का निर्देशन शॉन लेवी ने किया है। डेडपूल के इस तीसरे सीक्वल का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। उनकी खुशी इन वीडियोज से साफ जाहिर हो रही है। 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' के प्रशंसक लाल और पीली शर्ट पहने हुए हैं और इस फिल्म की एडवांस बुकिंग खुलने की खुशी में मस्ती में झूमते नजर आ रहे हैं। अब दर्शकों का लंबे समय से इंतजार खत्म हो रहा है क्योंकि फिल्म की एडवांस बुकिंग खुल चुकी है और यह फिल्म 26 जुलाई को रिलीज हो रही है। 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' के जरिए रयान रेनॉल्ड्स एक बार फिर वेड विल्सन यानी डेडपूल के किरदार में नजर आने वाले हैं। वहीं ह्यू जैकमैन फिर लोगन यानी वूल्वरिन के रोल में नजर आएंगे। रयान रेनॉल्ड्स और ह्यू जैकमैन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' को लेकर दर्शकों का उत्साह सातवें आसमान पर है। इसी बीच भारतीय दर्शकों के लिए यह बड़ी खुशखबरी है कि मार्वल स्टूडियो द्वारा भारतीय दर्शकों के लिए 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' की एडवांस बुकिंग शुरु कर दी है।

### टॉलीवुड

## दुबई में शुरू हुआ 'आरसी 16' का काम, रहमान के साथ नजर आए बाबू



'आरसी 16' इस साल की की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है, जिसमें राम चरण और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म से जुड़ी छोटी से छोटी जानकारी का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म के लिए राम चरण और निर्देशक बुची बाबू ने उप्पेना के बाद फिर हाथ मिलाया है। उनकी पहली फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। वहीं अब प्रशंसकों का उत्साह बढ़ाने के लिए एक और दिलचस्प जानकारी सामने आई है, जो फिल्म के प्रोडक्शन को लेकर है। सुपरस्टार राम चरण ने हाल ही में बहुप्रतीक्षित फिल्म 'गेम चेंजर' के लिए अपना हिस्सा पूरा किया है। इस बीच अब वे अपनी अगली फिल्म 'आरसी 16' को लेकर व्यस्त चल रहे हैं। वहीं फिल्म पर ताजा जानकारी यह है कि 'आरसी 16' पर काम शुरू हो चुका है। फिल्म के प्रोडक्शन का काम दुबई में शुरू हुआ है। कुछ घंटे पहले बुची बाबू ने इंस्टाग्राम पर ऑस्कर विजेता संगीत निर्देशक एआर रहमान और शानदार छायाकार रत्नवेलु के साथ अपनी एक मनमोहक तस्वीर साझा की, जो दोनों आरसी 16 पर काम कर रहे हैं। तस्वीर के पीछे की कहानी यह है कि तीनों दुबई के फिरदौस स्टूडियो में 'आरसी 16' के प्री-प्रोडक्शन के काम के लिए गए थे। फिल्म अगले महीने लॉन्च होने वाली है। फिल्म का शीर्षक अभी तक तय नहीं किया गया है, लेकिन उम्मीद है कि निर्माता जल्द ही फिल्म के नाम से पर्दा उठाएंगे। हाल ही में निर्माताओं ने फैंस को बड़ी खुशखबरी दी थी कि आरसी16 में कन्नड़ सुपरस्टार शिवा राजकुमार भी अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरते नजर आएंगे।

### भोजपुरी

## अक्षरा का हार्ट ब्रेक सॉन्ग 'मोहिनी' रिलीज, अंशुमान संग सुपरहिट हो रही केमिस्ट्री



भोजपुरी सिनेमा की चर्चित अदाकारा अक्षरा सिंह एकबार फिर से अपना बेहतरीन भोजपुरी गाना मोहिनी लेकर आ गई हैं। अक्षरा सिंह ने इस गाने में अपनी आवाज दी है। अक्षरा के हर गाने को फैंस खूब पसंद करते हैं। अब हाल ही में रिलीज हुए अक्षरा सिंह के गाने मोहिनी में अंशुमान राजपूत भी नजर आ रहे हैं। यह गाना बहुत खूबसूरत है और दिलों की धड़कन बढ़ाने वाला है। इस गाने का टीजर तो काफी पहले वायरल हो गया था और गाना अब रिलीज हो चुका है, जिसे फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। मोहिनी गाने में अक्षरा सिंह और अंशुमान राजपूत की शानदार केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। गाने का म्यूजिक, लिरिक्स और वीडियो प्रोडक्शन सब कुछ बेहतरीन है, जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया है। वहीं अक्षरा सिंह ने अपनी आवाज और अदाकारी से गाने में चार चांद लगा दिए हैं। गाने में अंशुमान राजपूत के दमदार अभिनय को भी खूब तारीफ मिल रही है। गाने की रिलीज के बाद फैंस ने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी का इजहार किया है। एक फैन ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'अक्षरा सिंह और अंशुमान राजपूत की जोड़ी ने तो कमाल कर दिया, 'मोहिनी' गाना सुपरहिट है'। वहीं दूसरे फैन ने कहा, 'गाने का म्यूजिक और वीडियो दोनों ही शानदार हैं।

## आसमान से ऊंचा

"दुनिया की कुछ सबसे खूबसूरत और प्रभावशाली महिलाएँ पिछले दिनों लद्दाख इंटरनेशनल फैशन रनवे में जुटी। 19,022 फ़ीट की ऊँचाई पर दुनिया के सबसे ऊँचे दर्रे उमलिंग ला में आयोजित यह शो लद्दाख इंटरनेशनल म्यूज़िक फ़ेस्टिवल का हिस्सा था। जिसमें संगीतमय प्रदर्शन, सांस्कृतिक गतिविधियाँ और सामुदायिक जुड़ाव शामिल हैं। फ़ैशन शो में जी 20 देशों, अतिथि देशों और मिस यूनिवर्स, वर्ल्ड्स और अर्थ की महिला नेता भी शामिल हुईं, जिन्होंने अपने शानदार परिधानों और प्रेरक संदेशों के ज़रिए सशक्तिकरण, शांति और दोस्ती को बढ़ावा दिया।




## बालों की देखभाल करें तुलसी के पत्तों से, दूर होंगी परेशानियां

चाहे लड़की हो या लड़का, हर कोई ये चाहता है कि उनके बाल घने और मजबूत रहें लेकिन लगातार बढ़ते प्रदूषण की वजह से ऐसा होना संभव नहीं है। ऐसे में आपको बालों के लिए तुलसी के पत्तों का इस्तेमाल जानना चाहिए। दरअसल, तुलसी के पत्ते बालों में लगाने से बालों के झड़ने को कम किया जा सकता है। तुलसी में पाए जाने वाले एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण बालों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद कर सकते हैं और इससे बालों का झड़ना कम हो सकता है।

### तुलसी और शहद

इस हेयर पैक को बनाने के लिए सबसे पहले तुलसी के पत्तों को धो लें। अब इसे महीन पीस कर पेस्ट बना लें। पेस्ट में थोड़ा पानी मिलाकर पतला कर लें। अब इसमें एक चम्मच शहद मिलाएं। इस पैक को 20 मिनट के लिए बालों में लगाएं और फिर बालों को धो लें। तुलसी में मौजूद गुण बालों के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। इस पैक को लगाने से बालों में शाइन भी बरकरार रहती है।



### तुलसी और नारियल का दूध

ये दोनों चीजें बालों के लिए काफी लाभदायक होती हैं। इस पैक को बनाने के लिए तुलसी के पत्तों को पीस कर नारियल के दूध में मिलाएं। इस मिश्रण को उबाल लें और ठंडा करके बालों में लगाएं। आधे घंटे के बाद बालों को धो लें। इस पैक को लगाने से बालों में मजबूती बरकरार रहती है। इसके साथ ही बाल काफी मुलायम हो जाते हैं।

### तुलसी और नारियल तेल

एक पैक को तैयार करने के लिए सबसे पहले तुलसी के पत्तों को अच्छे से सुखा लें। पैक बनाने के लिए एक बाउल में नारियल तेल लें। इसमें आंवला पाउडर और तुलसी के पत्तों को डालें। इस पैक को उबाल कर ठंडा कर लें। आप इससे रोजाना मालिश कर सकते हैं। इस तरह से तुलसी के इस्तेमाल से बालों की ग्रोथ तेजी से होती है।

## इस मौसम में परफेक्ट रहेंगे ये ब्लाउज डिजाइंस




आजकल लेटेस्ट फैशन में सिंपल ब्लाउज के डिजाइंस काफी चलन में है और ये पहनने में कम्फ़र्टेबल होने के कारण लंबे समय तक पहना जा सकता है। स्टाइलिश दिखने के लिए हम अपने लुक को कई तरह से कस्टमाइज करवाना पसंद करते हैं। वहीं वर्किंग वीमेन की बात करें तो अक्सर वे ऐसे कपड़े चुनती हैं, जिन्हें वे लंबे समय के लिए पहन सकती हैं। इसके अलावा ज्यादातर वर्किंग वीमेन ऑफिस में फॉर्मल वियर, साड़ी या प्लेन कुर्ती सूट को पहनना पसंद करती हैं।



साड़ी की बात करें तो ऑफिस में इसके साथ प्लेन डिजाइन का ब्लाउज काफी पसंद किया जाने लगा है। इसके लिए एक्ट्रेस विद्या बालन आए दिन अपने सिंपल साड़ी लुक्स को सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। तो चलिए देखते हैं विद्या बालन के कुछ स्टाइलिश साड़ी ब्लाउज, जिन्हें आप भी आसानी से कर सकती हैं स्टाइल और बना सकती हैं अपने लुक को खास।

### पेंटागन डिजाइन ब्लाउज

अगर आप बिल्कुल ही प्लेन फैब्रिक से बने ब्लाउज को पहन रही हैं तो इस तरह से नेकलाइन को स्टाइलिश लुक दे सकती हैं। वहीं चाहे तो ब्लाउज को स्लीवलेस भी बनवा सकती हैं। इस खूबसूरत लुक को डिजाइनर अब्राहम एंड ठाकुर द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह की नेक लाइन के साथ आप लॉकेट स्टाइल ज्वेलरी और इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं।

### वी-नैक डिजाइन ब्लाउज

खासकर चौड़े कंधे वालों के लिए वी-नेक लाइन बेहद खूबसूरत नजर आती है। इस तरह के डिजाइन को आकर्षक लुक देने के लिए आप आप गोटा-पट्टी लेस लगवा सकती हैं और सिंपल से ब्लाउज को हैवी लुक दे सकती हैं। इस खूबसूरत ब्लाउज को डिजाइनर जेजेवी कपूरथला द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह की नेकलाइन के साथ आप गले से लगा चोकर और गोल डिजाइन के टॉप्स इयररिंग्स को पहन सकती हैं।

### राउंड नेक डिजाइन ब्लाउज

अगर आप बिल्कुल ही सिंपल डिजाइन का ब्लाउज पहनना चाहती हैं तो इस तरह का राउंड नेक डिजाइन वाले ब्लाउज को चुन सकती हैं। इ

## लहंगे के साथ आप भी पहन सकती हैं ये नथ

आजकल शादी का जश्न हर जगह जोरों-शोरो से चल रहा है। लहंगे के साथ नथ पहनना अब फैशन बन चुका है। आप भी कुछ मॉडल की नथ को देखकर डिजाइंस का आइडिया ले सकती हैं और लुक को परफेक्ट तरीके से क्रिएट कर सकती हैं।

### लेटेस्ट डिजाइन

ट्रेडिशनल लुक के साथ डायमंड स्टोन वाली नथ भी चलन में है। आप भी इस तरह की आर्टिफिशियल नथ को वियर कर सकती हैं। साथ ही, इसमें आप अलग-अलग स्टोन डिजाइन को खरीदकर अपने आउटफिट के साथ पेयर करके पहन सकती हैं। इस तरह की नथ में आपको छोटे और बड़े दोनों तरह के डिजाइन मिल जाएंगे। मार्केट से आर्टिफिशियल नथ खरीदने पर यह आपको 200 से 250 रुपये में मिल जाएगी।

### लहंगे के साथ नथ डिजाइन

लहंगे के साथ नथ किसी खास रिश्तेदार की शादी में आप वियर कर सकती हैं। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। लहंगे के साथ



स्टोन वर्क वाली नथ भी खूब जंचती है, जिसमें एक ही स्टोन लगा हुआ होता है। आप भी ऐसे ही स्टोन वाली नथ को वियर कर सकती हैं। इसमें लुक अच्छा लगेगा। इस तरह की नथ सिंपल डिजाइन में होती है, तो इसे पहनना भी आसान होता है।

### लटकन वाली नथ डिजाइन

आपकी अगर किसी खास की शादी है तो इसमें पहनने के लिए आप लटकन डिजाइन वाली नथ को वियर कर सकती हैं।

## फॉलो करेंगी ये स्किन केयर रूटीन, दिखेंगी अप्सरा

अगर आप चाहती हैं कि आपके चेहरे पर नूर आए, तो इसके लिए आपको प्री स्किन केयर रूटीन फॉलो करना चाहिए। अब आपको लग रहा होगा कि फेस क्लीन-अप करने के लिए पार्लर जाना होगा और बजट पर असर पड़ेगा। नहीं, आप इस ट्रीटमेंट को घर बैठे भी आसानी से कर सकती हैं। सबसे पहले फेस क्लीन-अप में चेहरे को क्लीन किया जाता है। चेहरे को साफ करने के लिए क्लींजर का उपयोग करें। आप चाहें, तो नॉर्मल फेस वॉश से भी त्वचा को क्लीन कर सकती हैं।

### क्या होता है सीटीएम?

त्वचा की रंगत निखारने और दाग रहित बनाए रखने के लिए आपको सीटीएम प्रोसीजर फॉलो करना चाहिए। सीटीएम यानी क्लींजिंग, टोनिंग और मॉइश्चराइजिंग। स्किन केयर रूटीन का यह बेसिक स्टेप है। अगर दिवाली से महीने भर पहले केवल यह रूटीन फॉलो करती हैं, तो आपको बाकि सब कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। क्लींजिंग में आपके चेहरे को माइल्ड क्लींजर या फेस वॉश की मदद से साफ करना होता है, ताकि चेहरे पर मौजूद गंदगी और धूल हट जाए। इसके बाद चेहरे पर टोनर का इस्तेमाल करें। टोनर के उपयोग से पोस्ट टाइट हो जाते हैं। साथ ही, अगर क्लींजर के उपयोग करने के बाद भी त्वचा पर गंदगी रह जाती है, तो टोनर की मदद से उसे साफ किया जा सकता है। टोनर के उपयोग से त्वचा पर मेकअप भी अच्छे से ब्लेंड हो जाता है। आखिर में त्वचा को मॉइश्चराइज करना होता है। इसके लिए आप किसी भी मॉइश्चराइजिंग क्रीम का इस्तेमाल कर सकते हैं। ध्यान रहे कि क्रीम आपकी स्किन टाइप के अनुसार होनी चाहिए।



### ग्लोइंग स्किन के लिए स्क्रब कैसे करें

त्वचा को स्क्रब करना भी बेहद जरूरी होता है। हफ्ते में दो बार स्क्रब करने से स्किन को कई तरह के फायदे मिलते हैं। अगर आप दिवाली से पहले त्वचा को स्क्रब नहीं करेंगी, तो त्योहार के दिन आपका चेहरा डाल नजर आएगा।स्क्रब करने से डेड स्किन रिमूव हो जाती है। इ

**कार्नर न्यूज**

### बारिश के संभावित जोखिम को ध्यान में रखकर ही करें आउटिंग

## मानसून में पार्टनर के साथ करनी है आउटिंग ये स्टाइल टिप्स आपके बहुत काम आएंगे

*मानसून में जब हल्की फुल्की बारिश से मौसम खुशनुमा हो जाए तो पार्टनर का हाथ थाम कर कौन नहीं घूमने निकल जाना चाहेगा। लेकिन डर ये लगता है कि हल्की बारिश की फुहार अगर तेज बारिश में तब्दील हो गई तब क्या होगा। वैसे भी गर्मी और सर्दी की तरह बरसात का भी अपना अलग मिजाज है। जिसके अनुसार खुद को स्टाइल करना आसान नहीं है। बहुत सी बातों का ख्याल रखना पड़ता है। ताकि, घूमने का मजा खराब न हो। तो चलिए आपको बताते हैं कि घूमने जाने से पहले आपको किस तरह करना चाहिए खुद को रेडी।*



### एंकल लेंथ ड्रेस चुनं

बाहर घूमने जाते समय ऐसी ड्रेस चुनें जो एंकल लेंथ हों। ताकि आपको ये टेंशन न हो कि चलते समय उड़ने वाले छींटे आपकी ड्रेस खराब कर देंगे। जब ड्रेस का टेंशन कम होगा तब ही तो आप फुहारों का मजा ले सकेंगी।

### जैकेट या श्रग साथ रखें

बारिश में घूमने का प्लान हो तो छाता या रेनकोट तो साथ रहता ही है। अपने साथ जैकेट या श्रग भी जरूर रखें। हल्की फुहारों में ज्यादा देर रहने पर भी कपड़े झीने दिखते हैं और चिपकने लगते हैं। ऐसा होने पर आप जैकेट या श्रग कैरी कर टेंशन फ्री हो सकती हैं।

### वॉटर प्रूफ मेकअप करें

वैसे तो बारिश का मजा लेने निकलें तो मेकअप न करने में ही समझदारी है। इसके बावजूद मेकअप करना पसंद ही हो या फिर सिर्फ आई लाइनर या लिपस्टिक ही लगानी हो तो वॉटरप्रूफ चुनें। ताकि बारिश में भीगा चेहरा कहीं मेकअप मिटने के निशानों से बदरंग नजर न आए।



### ऐसा फेब्रिक चुनें

इस मौसम के लिए ऐसा कोई फेब्रिक न चुने जो बहुत आसानी से शरीर में चिपकता हो। क्योंकि ऐसा फेब्रिक आपको परेशान करके रख देगा। सिल्क या कोसा जैसा फेब्रिक भी न चुनें। कोई क्लासी फेब्रिक ही बारिश में आउटिंग के दौरान बेस्ट होगा।